# टेक्सटाइल मिरर

वस्त्र उद्योग का सटीक आईना

हिन्दी-अंग्रेजी पाक्षिक

DIGITAL EDITION SPONSOR BY

# ONE NATION™

REVOLUTION IN UNIFORMS

**Soliciting**

**Dealers and Agents**

**Pan India**

**Mobile no. 9324760583**




**Choose from our wide range of School & Corporate Uniforms**

02522-666 666
info@qmaxworld.com
www.qmaxworld.com

Jugg jugg jeeyo | GYFT:ME | Qmax WORLD® SUNIL TIBREWAL GROUP COMPANY

AGENTS SOLICITED

Regd Office -
K8, Shree Arihant Compound,
Kahler Pipeline, Bhiwandi 421302

Postal Regd. No.: Bhilwara/231/2021-2023
# टेक्सटाइल मिरर
1 से 15 अक्टूबर, 2022

विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं!



# LANIFICIO CORLEONE
Luxury Couture

Introducing Luxury Couture through Lanificio Corleone, Italy.






**Mumbai:** A grand launch of the stunning new range by Lanificio Corleone in fine count woollen blended fabrics took place on 26th Sept 2022 at donear house. It was a special launch because all the trade and channel partners were invited and they graced the event digitally over zoom meeting. The brand was launched by Shri. Rajendra Agarwal - MD & Mentor Donear Group, Ajay Agarwal - ED Donear Group, Mr. Sanjay Srivastava – Business Head, Mr. Pankaj Jhingan - Sales Head and the Italian associate Mr. Aimone Sambuy - textile technocrat based in Biella. Having four decade of experience in the industry, he has been involved in creation of the brand and quality fabric that Lanificio Corleone is.

Lanificio Corleone draws its inspiration from the fashion capital of the world – Italy and this could be expressed best as – The world's most powerful families settle for nothing less than exquisite. From being presented with the finest to having their pick of the finest, there is no compromise when it comes to living their stylish best. Woven from superfine




Mr. Rajendra Agarwal (MD & Mentor), Mr. Ajay Agarwal (Executive Director), Mr. Sanjay Srivastava and Mr. Pankaj Jhingan at the launch of **Lanificio Corleone** brand.

Australian Merino Wool and infused using the latest technologies, our fabrics are as bespoke as they are comfortable. The wool is spun to produce excellent quality yarn which yields fine Merino wool ranging from Super 120's, Super 130's and Super 140's in blends of WP 70/30, 50/50 and PW 55/45. The only thing that endures in fashion is excellent taste, and as more young men enter the business world, breaking the mould for new formals, new colours and designs are replacing boring dull board room colours. This seems to be the essence of Lanificio Corleone.

The brand provides an unusual colour palette and contrasting yet exquisite checks that add a fresh new appearance to your wardrobe and can be worn by the three generations in any professional forum or even festivals for which India is renowned. Lanificio Corleone boasts of timeless designs crafted to match the unparalleled aesthetics of a man who knows what he wants. Though completely ageless, the designs are also trendsetting. Crafted with careful attention to detail and finished in a majestic style this brand captures the essence of Italy. Lanificio Corleone introduces India to Luxury Couture of Italy.

# 'Lanificio Corleone' will revolutionize the luxury segment -Shri Sanjay Srivastava

**Recently, the brand 'Lanificio Corleone' which is inspired by Italian fashion has been launched in the market. After the online launching ceremony, 'Textile Mirror' had conversations with Mr. Sanjay Srivastava - Business Head of Lanificio Corleone brand, his replies are really fascinating as they are insightful -**



***Textile Mirror- Tell us about the new brand 'Lanificio Corleone'? And what is special?***

*Mr. Sanjay Srivastava- 'Lanificio Corleone' is a super-premium brand which is inspired by the rich Italian fashion or let's put it this way, it is a luxurious Italian brand. The speciality of this brand is that it makes products for three generations. The brand has designed products keeping in mind the high fashion and trends of every generation. You will also see that clearly in the recently launched brand advertising campaign. Apart from this, the fall, feel and finish of woollen blended fabric is so good that many premium retailers, branded tailor / draper are liking it at the very first sight and we are getting very good response in the initial phase of launch itself.*

***Mirror- How will the younger generation get attracted towards this brand?***

*Mr. Srivastava- The target of this brand is people of all age group from 25 to 50 years. Specially targeting the youth, we have developed very attractive and latest colours palette along with checks that brings out the best in one's personality and this will surely make a boring board room look charming. Today's young generation prefers to wear vibrant colours instead of the regular colours, they choose their own outfit and style keeping that in mind Lanificio Corleone has a bright and unique colour range for the youth of 25 years, while a separate colour range has also been created for adults of 35 years and people above 50 years i.e. people of all generations are covered under the Lanificio Corleone brand. we are confident that customer will appreciate our efforts to offer them something fresh and comfortable as per their requirements.*

***Mirror- Who are your target customers and how will this brand be spread in India?***

*Mr. Srivastava- For Lanificio Corleone we have targeted customers who are luxury oriented customers, one who just want superior quality fabric that are extremely comfortable and attractive for any occasion. We chose to spread the brand across the country through direct retailing model, our team will visit only select, super premium retailers, dealers, tailors& drapers across India. Along with this, business conferences will be organized at the regional level and top 300 retailers will be invited to attend.*

***Mirror- Do you think Lanificio Corleone will be able to make a significant place in the worsted market in India?***

*Mr. Srivastava- Absolutely, we are 100% confident. The brand and its offering will make a mark into the worsted textile markets of India. We have observed afterCOVID 19 pandemic, the import of premium quality fabric in India has declined drastically. What used to be imported earlier has become very expensive post pandemic. We will import finest woollen fabrics from international market, besides we will also manufacture it in India with the technical inputs of our Italian associate Mr.AimoneSambuy, textile technocrat based in Biella. You will be surprised to know that many major retailer / draper are excited after seeing the range of Lanificio Corleone because no other super premium brand could be found to cater to all age groups appropriately. With this the company feels that this brand will easily establish its leading position in the textile market across the country.*

***Mirror- What product range is being offered under this brand and what will be expansion plan for future?***

*Mr. Sanjay Srivastava - All the products in this brand are made keeping in mind ultra-sophistication& luxury of the buyer. We are currently manufacturing products with different mix of superfine wool blended fabrics. In future, cashmere wool, 100% wool products and tweeds will also be introduced. Apart from this, a catalogue and sample bunch booklet has also been created which will be available with the retailers at all times so that they can order according to the customer's choice.*

***Mirror- Donear Group has already so many brands so what is the plan behind launching this brand?***

*Mr. Srivastava - Over a period of time Donear Group has evolved to be one of the leading group companies that fulfils all the suiting and shirting needs of a retailer. There is a lot of scope in the textile market. All the brands have their own USP, especially after the pandemic, the demand for premium brands has increased many folds in the market and the gap between premium brands is also seen. Keeping the same in mind, Lanificio Corleone has been launched in the market to bridge the gap and create a niche for itself. This brand has its own distinct feature, due to which it will easily make its mark.*




विजयादशमी पर्व की हार्दिक बधाई

# टेक्सटाइल मिरर

अखिल भारतीय संस्करण
पाक्षिक
Postal Regd. No.: Bhilwara/231/2021-2023

वर्ष : 11 अंक : 15 प्रकाशित : 1 अक्टूबर, 2022 शनिवार Editor : Govind Sharma स्थान : भीलवाड़ा पृष्ठ : 20 मूल्य : 20 रुपये










## पीएलआई-2 में कॉटन गारमेण्ट एवं अपेरल को भी शामिल किए जाने की संभावना

**नई दिल्ली/प्रवीण राणा**

टेक्सटाइल सेक्टर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के दूसरा संस्करण गारमेण्ट एवं अपेरल पर केन्द्रित होगा लेकिन यह केवल मेनमेड गारमेण्ट और अपेरल तक ही सीमित नहीं होगा बल्कि इसमें कॉटन एवं अन्य कच्चे माल से निर्मित गारमेण्ट को भी शामिल किए जाने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार उद्योग की कॉटन को इस योजना में शामिल किए जाने की प्रमुख मांग रही है ताकि वैश्विक बाजार में प्रमुख भागीदारी प्राप्त की जा सके। कॉटन गारमेण्ट और एसेसरीज इस सेक्टर में सर्वाधिक रोजगार प्रदान करता है।

इस योजना के प्रथम संस्करण में 10,683 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रावधान किया गया था जो मेनमेड फाइबर, फैब्रिक्स और टेक्नीकल टेक्सटाइल के उत्पादों के निवेश पर प्रोत्साहन के रूप में उद्योग को मिलना था। पीएलआई-1 में लगभग 64 कम्पनियां चुनी गई है। इनके निवेश और टर्नओर के आंकलन के हिसाब से टेक्सटाइल मंत्रालय का अनुमान है कि 6000 करोड़ रुपए का उपयोग प्रोत्साहन के लिए किया जाएगा बाकि 4200 करोड़ रुपए का उपयोग पीएलआई के दूसरे संस्करण में किया जाएगा। प्रस्तावित पीएलआई-2 वित्त की व्यय समिति की स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा। इसमें कम निवेश और टर्नओवर की आवश्यकता होगी।

गारमेण्ट में निवेश अपेक्षाकृत कम होता है हालांकि निवेश के अनुपात में उत्पादन अधिक होगा। प्रोत्साहन के विभिन्न स्तर के लिए न्यूनतम निवेश आवश्यकता 15 करोड़ रुपए, 30 करोड़ रुपए और 45 करोड़ रुपए हो सकती है।

दूसरे संस्करण में सरकार गारमेण्ट और होम टेक्सटाइल जैसे कंबल और बेड स्प्रेड, लेस, बटन और जिप जैसे टेक्सटाइल निर्माण सामग्री के लिए भी प्रोत्साहन पेश कर सकता है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस योजना से निवेश आकृषित होगा और गारमेण्ट एसेसरीज में आयात पर निर्भरता कत होगी।

पहले संस्करण में सरकार ने मेनमेड और टेक्नीकल टेक्सटाइल सेक्टर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पेश की थी। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना-1 का मुख्य केन्द्र मेनमेड फाईबर के तहत 40 उत्पाद श्रेणियों और टेक्नीकल टेक्सटाइल के तहत 10 उत्पाद श्रेणियों पर था। पीएलआई योजना के लागू होने से ग्रीनफील्ड के तहत नई कंपनियां स्थापित होंगी तथा ब्राउनफील्ड के तहत वर्तमान कम्पनियों में निवेश को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है।

टेक्सटाइल सेक्टर के विकास को गति देने के लिए सरकार ने पीएलआई स्कीम घोषित की है।










## गारमेण्ट्स एक्सपोर्ट को आरओएससीटीएल योजना में बदलाव से मिलेगी मदद -एईपीसी

**नई दिल्ली/मिरर ब्यूरो**

गारमेण्ट्स एक्सपोर्ट संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने कहा है कि निर्यात प्रोत्साहन योजना में किए गए बदलावों से परिधान उद्योग को कार्यशील पूंजी की अपनी जरूरत पूरी करने और निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। एईपीसी के चैयरमेन श्री नरेन गोयनका ने बताया कि निर्यात प्रोत्साहन के लिए शुरू की गई राज्य एवं केन्द्रीय शुल्क और करों में छूट (आरओएससीटीएल) योजना में किए बदलावों से कपड़ा उद्योग को काफी मदद मिलने की उम्मीद है। योजना में किए बदलावों से परिधान क्षेत्र को राहत मिलेगी और आरओएससीटीएल राशि का अधिकतम रिफंड या वापसी सुनिश्चित होने से निर्यातकों को अपनी कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही यह परिधान क्षेत्र को अधिक तेज रफ्तार से बढ़ने में भी प्रोत्साहन देगा। आरओएससीटीएल योजना के तहत तैयार उत्पादों एवं कपड़ों के निर्यात पर लगने वाले सभी अंतर्निहित राज्य एवं केन्द्रीय शुल्क एवं करों को निर्यातकों को लौटा दिया जाता है। सरकार ने हाल में इसमें बदलाव कर इसे निर्यातकों के अधिक अनुकूल बनाने की कोशिश की है।






# गारमेण्ट की विंटर सीजन की तैयारी पूरी

## अब समर सेम्पलिंग की ओर गारमेण्टरों का ध्यान

**मुम्बई/मिरर ब्यूरो**

गारमेण्ट में विंटर सीजन की तैयारी पूरी हो चुकी है। यह सच है कि टेक्सटाइल उद्योग मंदी में है। इसका असर कपड़ों सहित गारमेण्ट के कारोबार पर पड़ रहा है। आगे गारमेण्ट का ध्यान समर सीजन की सेम्पलिंग पर होगी। इसकी शुरूआत सितम्बर से ही होती है, परंतु सेम्पलिंग में कुछ देरी हो रही है। रिटेल में थोड़ी सुगबुगाहट होने लगी हैं। उम्मीद है कि नवरात्रि के लिए शुरू हुई यह ग्राहकी आगामी दिनों में अपने चरम पर पहुंचे ताकि कपड़ा उत्पादकों से लेकर रिटेल कारोबारियों में छाई उदासी हट सके। निर्यात मोर्चे पर स्थिति कमजोर है। परंतु डॉलर की मजबूती से निर्यात कारोबार में फायदा है। यार्न सहित कपड़ा एवं गारमेण्ट के निर्यात में भारी गिरावट आई हैं। इस बार समर कपडों की सेम्पलिंग पहले शुरू होने की जानकारी मिल रही है। अनुमान है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह से सेम्पलिंग शुरू हो जाएगी, जो दशहरा बाद करीब एक सप्ताह तक जारी रह सकती है। उसके तत्काल बाद गारमेण्ट की सेम्पलिंग शुरू होगी और इसका दायरा शहरों के साथ दिसावरों तक होगा। सेम्पलिंग से मिले इनपुट के आधार पर डिजाइन, क्वांटिटी और क्वालिटी तय की जाती है। गारमेण्ट में हाल रोजमर्रा के उपयोग और पार्टीवियर की मांग है। रोजमर्रा उपयोग में अधिकतर मांग टी-शर्ट और बरमुडा इत्यादि की है। तिरूपुर में बने नामचीन ब्राण्ड का ब्लैक एवं ग्रे टी-शर्ट का एक बड़ा निर्यात करने वाला स्टॉक अमूनन



उसके वास्तविक मूल्य से कम कीमत पर बेचा गया है।

अभी तक यूक्रेन और रूस के बीच हो रहे युद्ध का कोई समाधान नहीं निकला है। भारत से कपड़ों के निर्यात पर इसका कोई असर नहीं हुआ है। परंतु यदि इसकी आंच यूरोप के देशों पर आती है, तो इसका व्यापक असर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है, वैसे भी देश एवं विदेशों में बढ़ती महंगाई का असर कपड़ों एवं गारमेण्ट के कारोबार और निर्यात पर पड़ रहा है। गारमेण्टरों की इस समय दीपवली के माल की डिस्पेचिंग पर जोर है। दीपावली का त्योहार अक्टूबर महीने में होने से ग्राहकी थोड़े कम समय की होने से माल की डिस्पेचिंग की जा रही है। कोरोना का कोई संकट नहीं होने और दिसावरों के बाजार खुले होने से कारोबार बढ़ने की संभावना है।

सीएमएआई के सितम्बर महीने में हुए फेब शो को मुंबई के बदले सूरत, अहमदाबाद के उद्यमियों को अधिक फायदा होने की जानकारी है। मुंबई में प्रतिसाद कमजोर रहा है, जबकि इन सेंटरों से आए उद्यमियों को अच्छा प्रतिसाद मिला है। श्राद्ध पक्ष होने के कारण कपड़ा बाजारों में ग्राहकी नहीं है, लेकिन रिटेल दुकानों में ग्राहकी है। नवरात्रि उत्सवों की जोरदार तैयारी चल रही है। इस त्योहार को मनाने के लिए फैंसी तैयार कपड़ों की जरूरत होती है। वास्तव में ये परंपरागत मूल्यवर्धित फैंसी पोशाकें होती है, जिनकी खरीदी ऑनलाइन प्लेटफार्म पर संभव नहीं होने से दुकानों से ही यह खरीदा जाता है। इनके अलावा हैवी कुर्ती के साथ बोटम में विविध वैराइटी की मांग रही है।

## खुदरा स्तर पर बिक्री की अनिश्चितता से विंटर सीजन के लिए उत्साह धीमा

**नई दिल्ली/प्रवीण राणा**

खुदरा स्तर पर बिक्री की अनिश्चितता से टेक्सटाइल एवं गारमेण्ट उद्योग की पूरी मूल्य श्रंखला में विंटर सीजन के लिए उत्साह धीमा है। यद्यपि कपड़ा बाजार में पित्र पक्ष के बाद ग्राहकी में सुधार हुआ है लेकिन गारमेण्ट बाजार में अपेक्षित कारोबार नहीं हो पा रहा है।

महंगाई एवं पैसे की तंगी की वजह से बिक्री की अनिश्चितता को देखते हुए खुदरा व्यापारी वर्तमान विंटर सीजन के लिए सीमित मात्रा में ही खरीददारी कर रहे हैं। खासकर इस बार विंटर के गर्म गारमेण्ट में खुदरा व्यापारियों की खरीदी बहुत सीमित है और अभी इनमें बहुत मामूली कामकाज हो पाया है।

दशहरा-दीपावली के लिए गिने-चुने दिन रह गए हैं फिर भी व्यापारियों में वैसा जोश एवं उत्साह नहीं है, जैसा होना चाहिए। खुदरा व्यापारी उपभोक्ता मांग की अनिश्चितता की वजह से नई खरीददारी में सर्तकता बरत रहा है। इसलिए अभी ज्यादा स्टॉक नहीं ले रहा है। बाजार में ग्राहक निकला है लेकिन खरीददारी का वोल्यूम कम होने की वजह से अपेक्षित कारोबार नहीं हो रहा है।

पिछले एक पखवाड़े से उत्पादन एवं विपणन केन्द्रों पर आवाजाही बढ़ी है। नए मालों की चालानी ने जोर पकड़ा है और ग्राहकी में सुधार होने से बाजार में भी चहल-पहल निकली है लेकिन बाजार में अभी अपेक्षित जोरदार ग्राहकी नहीं निकली है। व्यापारियों के अनुसार अभी ग्राहकी 60/70 प्रतिशत पर ही पहुंच पाई है जबकि इस बार फेस्टीवल जल्दी हैं। दरअसल इस बार अक्टूबर में लग्न के दिन नहीं हैं और नवम्बर- दिसम्बर में भी लग्न के दिन कम ही हैं जबकि फेस्टीवल से ज्यादा लग्न पर कपड़े की मांग निकलती है।

अक्टूबर में कॉटन की नई फसल का दबाव बढ़ेगा जिसे देखते हुए कॉटन एवं कॉटन यार्न एवं कॉटन फैब्रिक्स में भाव घटने की संभावना बन रही है। इस वजह से भी लेवाल सीमित मात्रा में खरीददारी कर रहा है।

इस बार कॉटन का उत्पादन पिछले साल की तुलना में ज्यादा होने का प्रारम्भिक अनुमान है। यद्यपि कॉटन के उत्पादन और भाव को लेकर अभी निश्चितता नहीं है। फिरभी धारणा मंदे की बन रही है। सरकार ने कॉटन का उत्पादन 341.9 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलो) होने का अनुमान लगाया है जबकि कॉटन एसोसिएशन का अनुमान 350 लाख गांठ का है।















## फेस्टीवल सीजन की ग्राहकी सीमित होने से

# रेडीमेड में कारोबार कमजोर

**नई दिल्ली/मिरर ब्यूरो**

दशहरा एवं दीपावली के फेस्टीवल सीजन की सीमित ग्राहकी के चलते रेडीमेड गारमेण्ट में कारोबार कमजोर है। पित्र पक्ष के बाद नवरात्रों में भी ग्राहकी में तेजी नहीं आई जिससे व्यापारी परेशान हैं। गर्म गारमेण्ट में भी अभी तक कारोबार नगण्य है। व्यापारियों के अनुसार इस बार ग्राहकी कमजोर रहने का कारण समझ में नहीं आ रहा है। पैसे की तंगी के चलते वर्तमान सीजन के लिए तैयारियां भी सीमित मात्रा में हुई हैं और ग्राहकी भी बहुत सीमित है। नवरात्रों के दौरान आस-पास के राज्यों दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश का ग्राहक खरीददारी के लिए आया है लेकिन दूर के दिसावरों का ग्राहक नहीं आ रहा है। बिहार से छठ पूजा का ग्राहक अभी तक नहीं आया है। व्यापारियों को उम्मीद थी कि पित्रपक्ष एवं नवरात्रों के दौरान सभी दिसावरों का ग्राहक खरीददारी के लिए आएगा लेकिन इस बार पूर्वोत्तर भारत की ग्राहक कमजोर है। नवरात्रों के दौरान आस-पास के राज्यों दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश का ग्राहक खरीददारी के लिए आया है लेकिन दूर के दिसावरों का ग्राहक नहीं आ रहा है। बिहार से छठ पूजा का ग्राहक अभी तक नहीं आया है। व्यापारियों को उम्मीद थी कि पित्रपक्ष एवं नवरात्रों के दौरान सभी दिसावरों का ग्राहक खरीददारी के लिए आएगा लेकिन इस बार पूर्वोत्तर भारत की ग्राहक कमजोर है। एसोसिएशन ऑफ होलसेल रेडीमेड गारमेण्ट डीलर्स, अशोक बाजार के अध्यक्ष श्री कंवल कुमार बल्ली के अनुसार इस बार कारोबार बहुत सीमित है। महंगाई एवं पैसे की कमी के चलते व्यापारी एवं आम लोगों की खरीद शक्ति कमजोर है। विंटर के माल का स्टॉक करने में व्यापारियों में जोश नहीं है। कमजोर कारोबार से व्यापारी परेशान हैं। जो माल जा भी रहा है, उसका भुगतान नहीं आ रहा है। डेनिम की सभी वैरायटी में सीमित मांग बनी हुई है। डेनिम लाइक्रा ज्यादा चल रहा है। डेनिम प्योर कॉटन 325/400 रुपए मीटर बिक रही है। पोलि डेनिम 125/200 रुपए की रेंज में बिक रही है। जेण्ट्स में शर्ट, जींस-ट्राउजर, कुर्ता-पजामा एवं नाईट सूट आदि सभी तरह के गारमेण्ट में ग्राहकी सीमित मात्रा में है। लेडीज ड्रेस में फैंसी गारमेण्ट के साथ रेग्यूलर गारमेण्ट प्लाजो सेट, कुर्ती-टॉप, टी-शर्ट एवं बॉटम वीयर में ग्राहकी निकली है लेकिन कारोबार का वोल्यूम कम है। अभी वूलन गारमेण्ट में ग्राहकी कमजोर है। स्पार्की ब्राण्ड के चेयरमेन श्री जे के जैन के अनुसार 25 वर्षों में ऐसा पहली बार है कि फेस्टीवल सीजन पर भी ग्राहक कमजोर है। दशहरा-दीपावली के लिए गिने-चुने दिन रह गए हैं फिर भी ग्राहकी में कोई तेजी देखने को नहीं मिल रही है। पित्रपक्ष के दौरान ग्राहकों की भीड़ उमड़ती थी लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। सीजन बहुत छोटा है। भुगतान भी नहीं आ रहा है। ऐसा लगता है कि इस फेस्टीवल सीजन के लिए व्यापारियों में उत्साह नहीं है। स्पार्की की डेनिम जींस, ट्राउजर एवं शर्ट की सम्पूर्ण रेंज में ग्राहकी निकली है। संतोष ट्रेडिंग कम्पनी के संचालक श्री रोहित भंसाली के अनुसार फेस्टीवल सीजन की अपेक्षित ग्राहकी नहीं है। इस बार फेस्टीवल सीजन के लिए ग्राहकों का आगमन अपेक्षाकृत बहुत कम है। पूर्वोत्तर के बाद उत्तर भारत के ग्राहक खरीददारी के लिए आने लगे हैं लेकिन कारोबार का वोल्यूम कम है। बाजार में पैसे की तंगी बनी हुई है। संतोष ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा निर्मित शर्ट की पूरी रेंज में ग्राहकी बनी हुई है। एस स्पार्कल शर्ट में प्लेन के साथ प्रिंट और चैक्स की 300/700 रुपए की रेंज में मांग निकली है। जूनियर शर्ट रेग्यूलर एवं फैंसी में 250/700 रुपए की रेंज में ग्राहकी है। संतोष ट्रेडिंग कम्पनी द्वारा निर्मित व्हाईट कुर्ता-पजामा की जोरदार मांग है। इसके अलावा मान्यवर स्टाईल में फैंसी कुर्ता-पजामा में ग्राहकी निकली है। रेग्यूलर पेटर्न की मांग बनी हुई है। कुर्ता-पजामा की 350/1000 रुपए की रेंज में मांग है। रम्भा ड्रेसेज संचालक श्री सतीश पुनियानी के अनुसार नवरात्र पर ग्राहकी में थोड़ी सुधार हुआ है लेकिन इस बार कारोबार 70 प्रतिशत तक ही है। उत्तर भारतीय पड़ौसी राज्यों-पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की ग्राहकी निकली है। रम्भा ड्रेसेज द्वारा निर्मित कुर्ता-पजामा 450/700 रुपए की मीडियम रेंज और नाईटी गाउन की 265/325 तथा सेट की 300/500 रुपए की रेंज में ग्राहकी बनी हुई है। शेरवानी बड़ों की 950 रुपए एवं बच्चों की 700/850 रुपए की रेंज में ग्राहकी है। लेडीज गारमेण्ट में फेस्टीवल सीजन की सीमित ग्राहकी बनी हुई है। फैंसी गारमेण्ट की मांग है। जारजेट, सिल्क, रेयोन, चंदेरी सिल्क एवं सिफोन तथा कॉटन से निर्मित प्लाजो सेट में ग्राहकी निकली है। लेडीज जींस, टी-शर्ट, लेगिंग्स, कुर्ती, सूट आदि में भी मांग निकली है। कॉटन एवं आयातित फैब्रिक्स से निर्मित फुल बाजू के टॉप एवं कॉटन कुर्ती की मांग है। वूलन गारमेण्ट में अभी विशेष मांग नहीं है।

# फेस्टीवल सीजन की ग्राहकी से कारोबारी गतिविधियों में तेजी

## खरीदी हेतु आने लगे व्यापारी

नई दिल्ली/प्रवीण राणा

कपड़ा बाजार में पित्रपक्ष समाप्त होने के बाद नवरात्र आरंभ होने के साथ ही थोक एवं खुदरा स्तर पर कारोबारी गतिविधियों में तेजी आई है। फेस्टीवल सीजन की ग्राहकी बढ़ने कारोबार में सुधार हुआ है जिससे व्यापारियों का मनोबल थोड़ा मजबूत हुआ है। सूटिंग-शर्टिंग, ड्रेस-ब्लाउज मटेरियल, साड़ी एवं लहंगा में ग्राहकी निकली है। नवरात्र के दौरान कुछ लग्न हो रहे हैं लेकिन इस बार अक्टूबर में लग्न नहीं है और नवम्बर-दिसम्बर में भी लग्न के दिन कम है फिरभी जनवरी-फरवरी 2022 में लग्न के अनेक दिन है इसलिए अगले छः महीने कारोबार चलने की उम्मीद है। दूसरी ओर रेडीमेड गारमेण्ट में इस बार कारोबार का वोल्यूम कम है। फेस्टीवल सीजन सिर पर आ गया है लेकिन अभी तक अपेक्षित कारोबार नहीं हो पाया है। यद्यपि नवरात्रों के दौरान पड़ोसी राज्यों की ग्राहकी में थोड़ी सुधार हुआ है।




त्योहारी ग्राहकी निकलने से बाजार में चहल-पहल बढ़ी है और कारोबारी गतिविधियों में सुधार होने लगा है। आगामी फेस्टीवल एवं विंटर सीजन के लिए टेक्सटाइल की सभी आइटमों में उठाव है जिससे व्यापारियों में थोड़ी उत्साह का संचार हुआ है। उत्पादन एवं विपणन केन्द्रों से माल की आवाजाही होने लगी है। व्यापारियों के अनुसार इस बार दशहरा-दीपावली जल्दी है इसलिए पिछले एक पखवाड़े से बाजार में व्यापारियों का आवागमन बढ़ने से लम्बे समय के बाद बाजार में थोड़ी रौनक लौटी है।

व्यापारियों के अनुसार जो व्यापारी नए माल की खरीदी के लिए आ रहे हैं, वे थोड़ी बहुत पुराना भुगतान भी दे रहे हैं। खुदरा स्तर पर बिक्री बढ़ने के बाद भुगतान की चेन भी जुड़ पाएगी जो पिछले कई महीनों से टूटी हुई थी।

सूटिंग-शर्टिंग में कारोबार चलने लगा है। ग्राहक खरीददारी के लिए आ रहे हैं जिससे कारोबार में सुधार हो रहा है और बाजार में आवागमन बढ़ा है। वूलन, सिंथेटिक एवं कॉटन सूटिंग-शर्टिंग की मांग जोर पकड़ रही है और इसी के साथ बाजार में उठाव बढ़ने लगा है। विंटर सीजन के लिए सूटिंग में प्लेन, सेल्फ एवं चैक्स की ज्यादा मांग है। स्ट्राइप भी बिक रही है। टीआर के अलावा वूलन एवं टेरीवूल सूटिंग में भी मांग है। इसमें भी सेल्फ डिजाइन ज्यादा चल रहे हैं। कॉम्बी पैकिंग जोड़े-सफारी की मांग निकली है लेकिन इसमें अब कारोबार सीमित मात्रा में रहा गया है। दीपावली पर कॉम्बी पैकिंग की गिफ्टिंग का चलन कम हो गया है। शर्टिंग में भी प्लेन, सेल्फ, चैक्स एवं प्रिंट की मांग है।

अरविंद मिल की वर्तमान फेस्टीवल सीजन के लिए विस्तृत रेंज बाजार में मौजूद है। मिल के तहत सभी ब्राण्ड की सूटिंग-शर्टिंग में ग्राहकी अच्छी बनी हुई है। कॉटन सूटिंग-शर्टिंग एवं डेनिम में नए रंग-डिजाइनों की मांग है। अरविंद मिल के एजेंट श्री हंसराज गौतम के अनुसार ग्राहकी में लगातार सुधार हो रहा है और धीरे-धीरे कारोबार जोर पकड़ रहा है।

वेलवेट होम के श्री दीपक गुप्ता के अनुसार थोक स्तर पर की गति बढ़ी है। सूटिंग-शर्टिंग, टीआर एवं सूटलैंथ, जोड़े, सफारी आदि सभी आइटमों में ग्राहकी है और उठाव बढ़ रहा है। सूटिंग में सेल्फ की मांग ज्यादा है जबकि चैक्स एवं लाइनिंग की मांग सीमित है। शर्टिंग में प्लेन, सेल्फ, लाइनिंग एवं चैक्स की मांग है।

जैन ब्रदर्स के श्री रोहित जैन के अनुसार विंटर सीजन की ग्राहकी निकलने से कारोबार पटरी पर लौटने की उम्मीद दिख रही है। ग्राहकों के आवागमन बढ़ रहा है जिससे बाजार में चहल-पहल आई है। सूटिंग में प्लेन, सेल्फ एवं चैक्स की मांग ज्यादा है। टीआर में प्लेन एवं चैक्स की मांग है। वूलन एवं टेरीवूल सूटिंग की मांग निकलने लगी है। जोड़े-सफारी की मांग सीमित है।














वर्ष-11 अंक-15

# Editorial

## जोश बरकरार रहना चाहिए

*कोरोना की तीसरी लहर के नि:प्रभावी होने के बाद से ही देशभर में व्यापारिक गतिविधियों ने काफी जोर पकड़ लिया था हालांकि कोरोना के दूरगामी प्रतिकूल प्रभाव अभी भी बाजार में आ रहे हैं जिससे बाजार में टॉपी घुमाकर या आर्थिक रूप से कमजोर लोग मुख्य धारा से बाहर हो गये हैं। अब व्यापार करना केवल मात्र आर्थिक रूप से सुदृढ़ लोगों का ही रह गया है। हाँ एक बात और है कि कोरोना के दौरान जिन व्यापारियों ने सर्वाइव कर लिया वे मानसिक रूप से भी मजबूत हो गये है जो व्यापार में भी काफी सहयोगी साबित होगा। कोरोना के कारण 2 साल पूरी तरह से व्यापार रुका हुआ रहा लेकिन जैसे ही बाजार खुला तो ग्राहकी का एक ऐसा झोंका आया कि बाजार में सभी को अपने साथ उड़ा ले गया। उस झोंके को अधिकांश व्यापारियों ने स्थायी मान लिया लेकिन इस झोंके बाद अचानक से बाजार फिर से कमजोर होता गया। इस दौरान यार्न निर्माताओं, प्रोसेस हाउसों एवं जॉब वीवर्स ने जमकर चांदी कूटी। उसके बाद वहीं हुआ जिसका डर था। एक बाजार विशेषज्ञ का कहना है कि बाजार में ये जो डिमाण्ड आयी थी वह वास्तविक डिमाण्ड नहीं थी। चूंकि अधिकांश व्यापारी रिसर्च बेस नहीं होकर बाजार की खबरों के अनुसार निर्णय लेते हैं, इसके चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। भेड़चाल के चलते जो क्वालिटियां नहीं चलती है उन्हीं का उत्पादन कर बैठते हैं। विशेषज्ञ का यह भी कहना है कि तेजी से दौरान यार्न निर्माताओं एवं प्रोसेस हाउसों द्वारा पूल बना लिया जाता है लेकिन कपड़ा सप्लायर्स ऐसा नहीं कर पाते, जो कि अति आवश्यक है। कुल मिलाकर ग्राहकी के उस झोंके ने कपड़ा बाजार में जान फूंकने का काम तो जरूर किया। यूनिफॉर्म निर्माताओं की तो मानो इस बार लॉटरी ही लग गयी हो। सम्पूर्ण भारतवर्ष में यूनिफॉर्म निर्माताओं एवं सप्लायर्स के पास जबरदस्त माल की शॉर्टेज हो चुकी है, जो माल रेडी था उसमें से भी 70 प्रतिशत स्टॉक खाली हो चुका है जिसको वह आगामी सीजन से पहले पुन: भरने में लग गये हैं।*

*वही दूसरी ओर 2 साल से रुके हुए ट्रेड फेयर एवं एक्जीबिशन भी धड़ाधड़ हो रही है। प्रत्येक माह में देश में कहीं ना कहीं कपड़ा एवं गारमेण्ट की एक्जीबिशन जरूर आयोजित हो रही है। सीएमएआई जो अब तक केवल रेडीमेड गारमेण्ट का ही फेयर लगाती थी वह अब गारमेण्ट फैब्रिक के भी एक्जीबिशन करने लग गयी है वहीं मुम्बई टेक्सटाल मर्चेण्ट महाजन ने भी गत वर्ष जून में फेयर आयोजित किया जिसमें उसके बहुत अच्छा समर्थन मिला तो जनवरी 2023 में वापस फेयर का आयोजन किया जा रहा है, इसके अलावा इंदौर, हैदराबाद, दिल्ली, मुम्बई, बैंगलोर, सूरत एवं जयपुर इत्यादि शहरों में भी लाइन से ट्रेड फेयर एवं एक्जीबिशन आयोजित हो रही है। साथ ही बड़ी मिलों द्वारा भी देशभर में बुकिंग कॉन्फ्रेन्सें आयोजित करके खूब बुकिंग की गयी है। यानि बाजार अब आगामी त्यौहारी एवं वैवाहिक सीजन की ग्राहकी के लिए पूरी तरह तैयार हो चुका है और सभी के मन शंका भी है और उत्साह भी है। अब देखना यह है कि दीपावली के पहले रिटेल स्तर पर किस तक की ग्राहकी रहती है और दीपावली बाद पेमेण्ट की आवक कितनी होती है, उसी के अनुरूप आगामी सीजन की दिशा तय की जायेगी। लेकिन फिलहाल बाजार में त्यौहारी उत्साह का माहौल है और यह जोश बरकरार रहना चाहिए।*









# टेक्सटाइल ट्रेड फेयर का हुआ सफल आयोजन

## बाजारों में लौटने लगी रौनक

इन्दौर/कमल बांझल

म.तु. क्लॉथ मार्केट मर्चेण्ट एसोसिएशन इन्दौर के द्वारा टेक्सटाइल ट्रेड फेयर का आयोजन किया गया। यह फेयर कपड़ा बाजार में ही व्यापारी अपने-अपने संस्थान में ही आकर्षक सजावट एवं प्रोडक्टों को सजाकर कर रहे थे, यह एक प्रकार का अलग प्रयोग था। पूरे बाजार को फेयर की स्टाइल में शानदार सजाया गया जिससे ऐसा लगे मानो पूरा बाजार की फेयर स्थल हो। सभी व्यापारियों, दलालों व एजेण्टों ने अपने-अपने ग्राहकों को निमंत्रण देकर बुलाया था। इस फेयर में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं आस-पास के राज्यों के व्यापारियों ने विजिट किया और इसे सफल बनाया।

इस फेयर को उद्घाटन सियाराम सिल्क मिल्स के सीएमडी श्री रमेश पोद्दार द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। फेयर के दौरान इन्द देव ने बारिश के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी लेकिन फिर भी फेयर आशानुरूप हुआ। सियाराम, डोनियर सहित लगभग 50 बड़ी कम्पनियों ने फेयर में बड़े रूप में भाग लिया।

गारमेण्ट सेक्टर व बाहर के व्यापारियों का मण्डी में आना शुरू हो गया है। प्रतीत होता है शीतकालीन सीजन में व्यापार अच्छा चलेगा व सीजन पूर्णरूपेण उत्साहवर्द्धक रहेगा।




फिलहाल बाजार में नवरात्रि की सुगबुगाहट देखी जा रही है। शहर में डाण्डियों की धूम मची हुई है। चारों ओर उत्साह का माहौल बनता जा रहा है इसको देखकर लगता है कि आगामी दिनों में कपड़ा बाजार में अच्छी रौनक देखने को मिलेगी।







# ट्रेड फेयर के दूरगामी परिणाम अच्छे



इन्दौर/ कोरोना संक्रमण एवं लोक डाउन के कारण वस्त्र व्यवसाय पूर्णत: प्रतिकूल प्रभावित हुआ है। सभी प्रमुख वितरक मण्डियों के स्थायी नेताओं ने अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार अन्यत्र व्यवसायिक संबंध स्थापित कर लिए। संक्रमण काल में अनेक व्यवसायी संक्रमित होने के कारण उपचारादि पर हुए व्यय एवं अनेकों जो अपनी व्यवहार कुशलता से व्यावसायिक संबंधों का अपर्याप्त आर्थिक निवेश के बावजूद संचालन कर रहे थे, इस काल में हुए खर्च के कारण व्यापार व व्यवहार में संतुलन बनाये रखने में असफल हुए।

उक्त सभी परिस्थितियों से इन्दौर मण्डी का व्यवसाय भी प्रभावित हुआ। मण्डी से संबद्ध क्रेता व्यवसायियों को पूर्ववत् मण्डी से जोड़ने एवं कुछ नये क्षेत्र व्यवसायियों को आकर्षित करने के उद्देश्य से इन्दौर कपड़ा मार्केट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 6 दिवसीय ट्रेड फेयर का आयोजन एक सार्थक पहल एवं प्रयास है। एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बधाई के पात्र है। ट्रेड फेयर की सफलता व्यवसाय एवं आगे क्रेता वर्ग की संख्या की अपेक्षा से चाहे अनुमान अनुरूप प्राप्त न हो किंतु इसके परिणाम भविष्य में अनुकूल ही सिद्ध होंगे।

**श्री भानु कुमार जैन**
**(मंत्री- श्री क्लॉथ ब्रोकर्स एसोसिएशन, इन्दौर)**

# नवरात्रा के साथ ही बाजार में ग्राहकी की सुगबुगाहट शुरु

गंगापुरसिटी/जे. पी. शर्मा

सीनीय समेत आस -पास कपड़ा बाजार में नया कपड़ा समेत अन्य परिधा कपड़ा बाजार में 26 सितंबर से नवरात्रा शुरू होने के साथ ही कपड़ा बाजार समेत सभी वस्तु बाजारों में सूटिंग-शर्टिंग रेडीमेड गारमेंट्स समेत महिला परिधानों में ग्राहकी की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जिसमें दिन प्रतिदिन सुधार होता जा रहा है। दशहरा पर्व के साथ ही कपड़ा बाजार समेत सभी वस्तु बाजारों में कारोबारी गतिविधियां तेज होने की संभावना है। आगामी त्योहारी सीजन के लिए कपड़ा कारोबार में अधिक सुधार होने की संभावना है, जो दिसंबर तक बनी रहेगी। व्यापारियों के अनुसार थोक एवं रिटेल स्तर पर पूछपरख शुरू हो गई है। आगामी प्रमुख त्योहारी सीजन को लेकर डिस्प्ले में बुकिंग अभियान पूरा हो गया है। वहीं विभिन्न उत्पादक केन्द्रों से कपड़े की गांठों की छिटपुट आवाजाही शुरू हो गई है। जिसमें आगे बढ़ोतरी होने की संभावना है। सूटिंग-शर्टिंग समेत सभी परिधानों की किस्मों में तैयारी अंतिम चरण में है। ऐसे में 26 सितंबर से नवरात्रा शुरू होने के साथ ही नए सिरे से कारोबारी गतिविधियां शुरू हो गई है। इस बार प्रमुख त्यौहार एक पखवाड़े पहले प्रस्तावित हैं। जिसके प्रति कपड़ा व्यापारी सुसज्जित हो रखे हैं और आगे ग्राहकी खुलते ही व्यापारी अधिक सक्रिय होकर सूटिंग शर्टिंग समेत सभी परिधानों में अधिकाधिक निष्पादित करने में विशेष सजगता बरतेंगे। दीपावली के आस-पास खरीफ फसलें मंडियों में बिकने के लिए अधिक आना शुरू हो जाएंगी। इसी के साथ कपड़ा बाजार में ग्राहकी की रौनक दिखाई देना शुरू हो जाएगी। इन दिनों स्कूल यूनिफॉर्म फैब्रिक्स में पूछपरख बनी हुई है।

मैसर्स राहुलकुमार रजतकुमार थोक विक्रेता के संचालक जितेंद्र बजाज, राहुल बजाज, मैसर्स इंडियन क्लॉथ स्टोर के संचालक भविष्यकुमार एवं प्रमोदसागर, मैसर्स मोतीलाल लक्ष्मीनारायण के संचालक संजय गोयल एवं नितिन गोयल, मैसर्स दामोदरलाल गुप्ता क्लॉथ मर्चेंट के संचालक दामोदर बजाज एवं गोपाल बजाज, मैसर्स धन क्लॉथ स्टोर के संचालक अनवर खान एवं अकबर खान, मैसर्स श्री श्याम गारमेंट्स के संचालक नंदकिशोर गुप्ता एवं पंकज गुप्ता मैसर्स पंकज गारमेंट्स के संचालक रोहित सिंघल ने बताया कि सूटिंग शर्टिंग में अधिकांशत किस्मों में कारोबारी गतिविधियों की शुरुआत हो रखी है और आगे कपड़ा कारोबार में सुधार होने की संभावना है। पिछले सप्ताह हुई बरसात ने खरीफ फसलों के लिए अमृत का काम किया है। यदि मौसम फसलों के अनुरूप रहा तो बम्पर पैदावार उतरेगी।

सूटिंग शर्टिंग मिलों ने बुकिंग कान्फ्रेंस भी करीब-करीब संपन्न हो गई है। मिलें बुकिंग कान्फ्रेंस आयोजित कर अपने नए पुराने रंग, डिजाइन दिखाकर बुकिंग ले चुकी है। अब तक जो कॉफ्रेंस हुई है, उनमें बुकिंग अच्छी मिलने के समाचार है। लेकिन डिलीवर अक्टूबर की मांग रहे हैं, जिसकी शुरुआत हो गई है।

यहां के कुछेक प्रमुख कपड़ा व्यापारियों के अनुसार कोरोना के दो साल बाद इस साल 40 प्रतिशत से अधिक व्यापार होने की संभावना है।

'वृन्दावन चक्षु पंचांग' पत्थरपुरा वृंदावन के संपादक एवं आचार्य पंडित महेश भारद्वाज ने बताया कि 20 साल बाद नवरात्र में मां का आगमन हाथी पर होगा इससे सुख, समृद्धि, जल और वैभव की वृद्धि होगी।


टेक्सटाइल मिरर

हेड ऑफिस
'मिरर हाउस' डी-297/2,
पन्नाधाय सर्कल के पास, आजाद नगर
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मोबाइल : 9829085976
E-mail: textilemirror1@gmail.com

संस्थापक
श्री रामगोपाल शर्मा

प्रधान संपादक
गोविन्द नारायण शर्मा

मुंबई एसोसिएट
कीर्ति दवे

संपादकीय सलाहकार

श्री रमेश जी पोद्दार
सियाराम सिल्क मिल्स, मुंबई

श्री राजेन्द्र जी अग्रवाल
मैनेजिंग डायरेक्टर
डोनियर इण्डस्ट्रीज, मुंबई

श्री जी.डी. राठी जी
एसजीएस सिल्क मिल्स, मुंबई

श्री सुनील जी टिबरेवाल
क्यूमेक्स वर्ल्ड, मुंबई

श्री देवकीनंदन जी जिंदल
चैयरमेन, बजाज ग्रुप-मुंबई

श्री नरेश जी (मीनु) अग्रवाल
डायरेक्टर-चिनार सिन्टेक्स लि. (भिवानी)

श्री शरद जी टण्डन
एसटण्डन कंसल्टिंग, मुंबई

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोविन्द नारायण शर्मा द्वारा मिरर हाउस, डी-297/2, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित एवं रेनबो ऑफसेट प्रिण्टर्स, बी-3, सुदर्शनपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, जयपुर से मुद्रित।
संपादक-गोविन्द नारायण शर्मा,
फोन- 98290 85976
E-mail: textilemirror1@gmail.com

सभी विवादों हेतु न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही है।


## व्यापार भविष्यफल




धार्मिक कार्यक्रम, कालसर्प योग, वास्तु दोष निवारण, अनुष्ठान, विवाह, कुण्डली मिलान, गृहप्रवेश, गृहक्लेश, विवाहबाधा हेतु सम्पर्क करें-
प. महावीर प्रसाद शर्मा (पुष्कर वाले)- 09460215169


*संवत 2079 शाके 1944 मासे आश्विन कार्तिक शुक्ल-कृष्ण पक्ष षष्ठी तिथि शनिवार ज्येष नक्षत्रे योगे आयुष्मान योग कौलव करणे वृश्चिक राशि उपरान्त धनु राशि स्थित चन्द्रमा, मकर राशि स्थिते शनि, मीन राशि स्थित गुरू, मेष राशि स्थित राहु, वृषभ राशि स्थित मंगल, कन्या राशि स्थित सूर्य-बुध-शुक्र, तुला राशि स्थित केतु।*

*दिनांक 1-10-22 से 15-10-22 तक यह पक्ष हर्षोल्लालित एवं आनन्दायी रहेगा लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वित्ता का विषय बना रहेगा राजनैतिक स्तर पर जोड़े-तोड़ माहौल रहेगा! किराणा वस्तु में तेजी के साथ मंदी के आसार भी दिखाई देगें। देशभर सर्वत्र गर्मजोशी देखने को मिलेगी धातु बाजारों में तेजी में मंदी की मार कभी-कभी दिखाई देगी, लेकिन सावधान रहे।*

***शेयर बजारों-*** *तेजी की बजाय मंदी अत्यधिक देखने को मिलेगी, वस्त्र व्यापार के बाजारों वस्त्र उद्योग उन्नति की ओर अग्रसर होता आयेगा। विश्वभर में वस्त्र परंतु उद्योग भी तेजी की छाया सर्वत्र दिखाई देगी। व्यापारियों की सर्वत्र बल्ले बल्ले होने वाली होगी। रंगो में लहरिया, श्वेत, पीत, कृष्ण, पींक के परिधानों की बाजारों लहर-सी छाई हुई रहेगी, एवं भारतीय परिधानों की संसार भर में तूफान भरी मांग रहेगी।*

*मौसम- इस बार अत्यधिक सर्दी होने के आसार रहेंगे एवं सर्दी के मध्य कहीं-कहीं पर मावठ होने के भी आसार रहेंगे।*

***शेष-*** *2-10-22 को सरस्वती शयन, गांधी शास्त्री जयन्ती दिवस, 3-10-22 को दुर्गा अष्टमी, 4-10-22 को दुर्गानवमी, 5-10-22 को विजय दशमी (दशहरा), 6-10-22 को पापा कुशा एकादशी व्रत, 7-10-22 को प्रदोष व्रत, विश्व डाक दिवस, बाराह बफात (ईद), 8-10-22 को वायुसेना दिवस, वाल्मिकी जयन्ती, पाराशर ऋषि जयन्ती, 9-10-22 को शारदीय पूर्णिमा व्रत, 13-10-22 को करवा चतुर्थी व्रत चंद्रोदय रात्रि 8:35 बजे*







# 'इन्वेस्ट समिट' क्या महज खाना पूर्ति है ?

जयपुर/ प्रदेश में सियासी संकट के बीच 7-8 अक्टूबर को 'इन्वेस्ट राजस्थान समिट' होने जा रहा है। इसके जारिये 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश और 9 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देने के दावे थे। लेकिन पिछले 8 महीने में निवेशकों को विभागों और निवेशकों की ओर से रिस्पॉंस ही नहीं मिला। ऐसे में 10,191 करोड़ रुपये के निवेश के 122 करार पहले ही रद्द हो गए हैं। इनसे करीब 26 हजार लोगों को रोजगार मिलना था। सूत्रों के अनुसार निवेशकों ने संबंधित विभाग की लेटलतीफी बताई तो किसी ने जमीन नहीं देने का आरोप लगाया। उद्योग विभाग ने समिट के लिए विभिन्न कंपनियों से 4192 एमओयू-एलओआई साइन किए थे। समिट को अब केवल 9 दिन बचे हैं लेकिन 57 प्रतिशत से ज्यादा प्रस्ताव निवेशकों व संबंधित विभागों के स्तर पर पेडिंग है। वही, 27.76 प्रतिशत प्रक्रियाधीन है। पिछली बार हुए रिसर्जेंट राजस्थान के भी पूरे एमओयू अभी तक कागजों से बाहर नहीं आए है। खास बात है कि निवेश के प्रस्ताव लाने के लिए सरकार के मंत्री-अफसर दिल्ली से लेकर दुबई तक जा चुके। हर जिले में अलग इन्वेस्ट समिट के कार्यक्रम भी हो चुके हैं।

100 करोड़ से ज्यादा का निवेश वाले ये करार खत्म

**भिवाड़ी-** 500 करोड़ से मैन्युफेक्चरिंग प्लांट का एमओयू।

**भीलवाड़ा-** 2,500 करोड़ से स्टील मैन्युफेक्चरिंग प्लांट का एमओयू, 250 करोड़ से टेक्सटाइल बिजनेस एलओआई।

**बीकानेर-** 150 करोड़ का इथेनॉल मैन्युफेक्चरिंग एलओआई।

**अजमेर-** 5,000 करोड़ का सेरेमिक टाइल्स-स्टोन प्लाण्ट,

300 करोड़ का टेक्सटाइल एंड कॉटन क्लॉथ प्लांट का एलओआई।






# भगवन्त सिंह एण्ड संस एवं हरशीन इण्टरप्राइजेज, कानपुर द्वारा भव्य रिटेल कॉन्फ्रेन्स का आयोजन





















कानपुर/ स्थानीय कपड़ा बाजार की प्रमुख होलसेल ईकाइ भगवन्त सिंह एण्ड संस एवं हरसीन इण्टरप्राइजेज द्वारा 11-12 सितम्बर, 2022 को रिटेल कॉन्फ्रेन्स का आयोजन होटल रमाडा में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री रमेश चन्द्र बत्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

डीलर श्री भगवन्तसिंह एवं कमलदीप सिंह ने बताया कि आगामी वैवाहिक एवं त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए हमने सप्लायर्स मिलों के साथ दो दिवसीय कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया। जिसमें सम्बोधि सिंथेटिक्स-भीलवाड़ा, नवसारी कॉटन- मुम्बई, हिमांक सिल्क-मुम्बई, बॉम्बे डर्बी-मुम्बई, लिनन मंत्रा-मुम्बई द्वारा अपने-अपने उत्पादों का भव्य डिस्प्ले किया गया।

एजेण्ट श्री सौरभ शुक्ला, श्री संजय बत्रा, देवाशीष मोटवानी ने बताया कि इस कॉन्फ्रेन्स में लखनऊ, कानपुर के आस-पास के लगभग 135 रिटेलर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं शानदार बुकिंग करायी। कॉन्फ्रेन्स के दौरान सम्बोधी सूटिंग के श्री मनीष असावा, नवसारी कॉटन के श्री पुर्णीत शाह, हिमांक सिल्क मिस के श्री विकास सोमानी, मुम्बई डर्बी अभिषेक जी उपस्थित थे, जिन्होंने रिटेलर्स को नये डवलपमेण्ट्स की जानकारी दी।

**सम्बोधि सूटिंग**-कॉन्फ्रेन्स में कंपनी द्वारा हाई ट्विस्ट टीआर, सोबर चेक्स, फैंसी सूटिंग, जेकार्ड एवं लाइक्रा फैब्रिक की विस्तृत रेंज का डिस्प्ले किया। कंपनी को जबरदस्त बुकिंग मिली।

**नवसारी कॉटन**- कंपनी द्वारा सॉफ्ट फिनिश युक्त नयी रेंज, एम्ब्रॉयडरी फैब्रिक रेंज, फेस्टीवल वियर रेंज, लॉन बूटा एवं खादी कुर्ता फैब्रिक्स की विशेष रेंज डवलप की कई जो कॉन्फ्रेन्स में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही। व्यापारियों ने इनकी बहुत अच्छी बुकिंग करायी।

**हिमांक शर्टिंग**- मुम्बई स्थित हिमांग शर्टिंग ने 36 इंच एवं 58 इंच दोनों में प्रिण्ट एवं प्लेन की नई रेंज का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कंपनी के डायरेक्टर श्री विकास सोमानी उपस्थिति थे, जिन्होंने प्रोडक्ट्स के बारे में सभी व्यापारियों का जानकारी दी।

डिस्प्ले के दौरान जेकार्ड व एथेनिक फैब्रिक को जबरदस्त रिस्पोंस मिला।

























| 2 | AK SPINTEX | 10 | 66 | 61 | -8% |
| 3 | ALOK INDUSTRIES | 1 | 20.35 | 18 | -12% |
| 4 | ARVIND LTD. | 10 | 108.85 | 95.3 | -12% |
| 5 | ASHIMA | 10 | 15.25 | 15 | -2% |
| 6 | BANSWARA SYNTEX | 5 | 113.9 | 98.5 | -14% |
| 7 | BOMBAY DYEING | 2 | 104.8 | 96.3 | -8% |
| 8 | DAMODAR IND | 5 | 54.35 | 50.1 | -8% |
| 9 | DCM | 10 | 85.5 | 75.8 | -11% |
| 10 | DEEPAK SPINNERS | 10 | 256 | 224 | -13% |
| 11 | DONEAR | 2 | 60.6 | 55.3 | -9% |
| 12 | FILATEX INDIA | 2 | 106.05 | 101 | -5% |
| 13 | GARWARE TECH FIBERS | 10 | 3670.1 | 3443 | -6% |
| 14 | GINI SILK | 10 | 38.25 | 37.8 | -1% |
| 15 | GOKALDAS EXPORTS | 5 | 361.75 | 348 | -4% |
| 16 | INDO RAMA SYNTHETICS | 10 | 60 | 57 | -5% |
| 17 | JCT | 2.5 | 3.69 | 3.14 | -15% |
| 18 | KAMADGIRI FASHIONS | 10 | 68.85 | 64.4 | -6% |
| 19 | LUX INDUSTRIES | 2 | 1882.05 | 1754 | -7% |
| 20 | MAFATLAL | 10 | 370.8 | 349 | -6% |
| 21 | MARAL OVERSEAS | 10 | 68.65 | 64.6 | -6% |
| 22 | MORARJEE TEX | 7 | 20.7 | 19.4 | -6% |
| 23 | NAHAR SPINNING | 5 | 359.4 | 307 | -15% |
| 24 | NITIN SPINNERS | 10 | 231 | 218 | -6% |
| 25 | ORBIT EXPORTS | 10 | 160 | 154 | -4% |
| 26 | RAJAPALAYAM MILLS | 10 | 875 | 850 | -3% |
| 27 | RAYMOND | 10 | 1010.45 | 1026 | 2% |
| 28 | REL CHEMOTEX | 10 | 201.85 | 191 | -5% |
| 29 | RSWM LTD. | 10 | 371.3 | 337 | -9% |
| 30 | RUBY MILLS | 5 | 718.75 | 288 | -60% |
| 31 | SANGAM | 10 | 334.9 | 279 | -17% |
| 32 | SH. DINESH MILLS | 10 | 709.95 | 670 | -6% |
| 33 | SHEELA FOAM | 5 | 3070 | 2873 | -6% |
| 34 | SHEKHAWATI POLY YARN | 1 | 0.61 | 0.85 | 39% |
| 35 | SIYARAM SILK | 2 | 485.1 | 437 | -10% |
| 36 | SUTLEJ | 1 | 75.4 | 67.6 | -10% |
| 37 | TRIDENT LTD. | 1 | 39.85 | 36.4 | -9% |
| 38 | VARDHMAN TEX | 2 | 340 | 337 | -1% |
| 39 | WELSPUN | 1 | 84.5 | 73.6 | -13% |

RECOMMENDATION: EKANSH CONCEPTS @30.9 TGT 150
SAMPRE NUTRITION @ 35.95 TGT 100 (REVISE TARGET 300 C.P 182)

TELEGRAM CHANNEL: https://t.me/prosharehub(FIND PROSHAREHUB ON TELEGRAM)

# लघु उद्योग भारती ने 'सनग्लो सूटिंग' में मनायी 'विश्वकर्मा जयंती'



भीलवाड़ा/ विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष में लघु उद्योग भारती के भीलवाड़ा इकाई के समारोह सनग्लो सूटिंग्स लिमिटेड के परिसर में कर्मचारियों एवं श्रमिकों के साथ मनाया गया जिसमें श्रमिकों व कर्मचारियों को अच्छे प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार वितरित किए गए एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री महेश हुरकट ने इस कार्यक्रम में श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लगन और मेहनत का ही यह परिणाम है कि सनग्लो आज भीलवाड़ा नगरी में ऊंचाइयों को छू रहा है। सभी श्रमिकों को भी उन्होंने मेहनत, लगन करने व समय की पाबंदी का आह्वान किया।

कार्यक्रम को लघु उद्योग भारती के प्रदेश सह-सचिव श्री राजकुमार मेलाना ने भी संबोधित किया इस कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री रामकिशोर काबरा प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अजय मूंदड़ा ग्रोथ सेंटर इकाई के अध्यक्ष श्री रामप्रकाश काबरा सचिव श्री गिरीश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष श्री दिनेश लड्ढा भीलवाड़ा इकाई के सचिव श्रीअनूप बागड़ोदिया, कोषाध्यक्ष श्री कमलेश मुनोत, महिला इकाई से सचिव चंदा मूंदड़ा, श्री के के जिंदल, श्री अनिल अग्रवाल, श्री सत्यनारायण झंवर, श्री हरगोविंद सोनी, श्री रवि कालरा, श्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, सनग्लो सूटिंग्स प्रा. लि. के निदेशक श्री मेघराज बाहेती, श्री पंकज हुरकट, श्री सूरज हुरकट भी उपस्थित थे।

SAMBODHI® SUITINGS
INTRODUCES EXCLUSIVE COLLECTION OF FABRICS WITH COMFORT OF
FINE NATURAL STRETCH
SAMBODHI SYNTHETICS PVT. LTD.

FEEL THE Inspiration
SUNMOON EXCLUSIVE SUITINGS
SUNMOON SYNTHETICS PVT.LTD.
D-Extn.60, Bhilwara Textile Market, Pur Road, BHILWARA
Mob.: + 91 94141-22277 Ph.: 01482 246415, 247415
E-mail : sanjayhurkat@yahoo.co.in

The art of living...
Asbeelon® Since - 1988
Marc Silouania Collection
S.B. Silk Mills Pvt. Ltd.
Regd. Sales Off.:- 217 to 222, 2nd Floor, Anand Cloth Market, Pur Road, Bhilwara, Phone: 01482-246999 Mobile: 091661 31999

# टफ योजना 1 अप्रैल 2022 से पुनः लागू करने हेतु टेक्सटाइल सेक्रेटरी ने वस्त्र मंत्री को भेजी फाइल

भीलवाड़ा/टेक्सटाइल उद्योग के लिए वरदान मानी जाने वाली टेक्सटाइल अपग्रेडेशन फंड (टफ) योजना का अन्तिम प्रारूप ए-टफ योजना को पुन: 1 अप्रैल 2022 से लागू करने के लिए वस्त्र सचिव श्री उपेन्द्र सिंह ने वस्त्र मंत्री श्री पीयूष गोयल को अपनी सहमति के साथ फाइल प्रेषित की है। यह जानकारी श्री सिंह ने मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के महासचिव श्री आर के जैन को टेलीफोन वार्ता के दौरान कही। इससे पूर्व केन्द्र सरकार ने 31 मार्च 2022 से ए-टफ योजना को बंद कर दिया था। इसके बाद टेक्सटाइल उद्योग में टफ की जगह टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट स्कीम (टीटीडीएस) का प्रारूप जारी किया था। टीटीडीएस पर अन्तिम निर्णय से पूर्व पुन: वस्त्र मंत्रालय ने पीएलआई स्कीम का ड्राफ्ट जारी कर दिया था।

9829564470 9079375897
बालाजी सोफा रिपेयर्स
महावीर मोहल्ला बालाजी मन्दिर के पास भीलवाड़ा (राज)

इससे टेक्सटाइल उद्यमियों में भारी असमंजस था। 12 सितम्बर 2022 को वस्त्र आयुक्त सुश्री रूप ऋषि से वेबीनार चर्चा के दौरान भी मेवाड़ चैम्बर के सदस्यों ने उद्योगों में नये निवेश की निरन्तरता बनाये रखने के लिए नई योजनाओं पर अन्तिम रूप दिये जाने तक ए-टफ योजना को 1 अप्रेल 2022 से पुन: लागू करने की मांग की थी। वस्त्र आयुक्त ने भी संकेत दिये थे कि वस्त्र मंत्रालय इस दिशा में विचार रत है। सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में चैम्बर के पूर्वाध्यक्ष श्री दिनेश नौलखा ने भी वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल के साथ मुलाकात में ए-टफ योजना को जारी रखने की चर्चा की थी। श्री जैन ने बताया कि टफ योजना की वजह से टेक्सटाइल उद्योग में काफी आधुनिकीकरण हुआ है। लाखों नये रोजगार सृजित हुए। साथ ही ए-टफ योजना को उद्यमी एवं बैंकर्स पूर्ण रूप से समझकर निवेश कर रहे थे। कोई योजना नहीं होने की स्थिति में अप्रैल 2022 से उद्यमी नया निवेश नहीं कर पा रहे थे। हालांकि दिसम्बर 2021 में हुए जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट में भीलवाडा के टेक्सटाइल उद्यमियों ने 6 हजार करोड़ से अधिक के नये निवेश के प्रस्ताव हस्ताक्षरित किये थे।

जैन ने टेक्सटाइल सचिव उपेन्द्र सिंह का यह भी कहाकि प्रस्तावित पीएलआई योजना एवं ए-टफ योजना का कोई कनेक्शन नहीं है। पीएलआई-1 में 100 करोड़ निवेश करना है, यह बड़े उद्योगपतियों के लिए है। अत: सरकार को वीविंग, प्रोसेसिंग, गारमेंट आदि क्षेत्रों के लिए तो ए-टफ योजना को ही लागू रखनी चाहिए।

## 'लग्नम स्पिनटेक्स' को मिला 'राज्य निर्यात पुरस्कार'



भीलवाड़ा/ हाई क्वालिटी वाले 100 फीसदी कॉटन यार्न लीडिंग मैन्युफेक्चरर 'लग्नम स्पिनटेक्स लिमिटेड' ने वर्ष 2020 के लिए टेक्सटाइल की श्रेणी में उच्चतम विकास की मान्यता में राजस्थान राज्य निर्यात पुरस्कार प्राप्त किया है। हाल ही जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत व राजसिको अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने लग्नम स्पिनटेक्स लिमिटेड के एमडी आनंद मंगल को सम्मानित किया है।

कंपनी के एमडी श्री मंगल ने बताया कि कम्पनी को यह सम्मान मिलने पर बेहद खुशी है। इस तरह के सम्मान हमें विश्वास दिलाते हैं कि कम्पनी सही कार्य कर रही है। कम्पनी और पूरी टीम के लिए यह गर्व का यादगार पल है। गौरतलब है कि लग्नम स्पिनटेक्स लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध है।

## गारमेण्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष बने श्री जाकिर हुसैन



जयपुर/गारमेण्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (गियर) की कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2022-24 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें जाकिर हुसैन को अध्यक्ष एवं अरूणा गुप्ता को महासचिव चुना गया। गारमेण्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के निवर्तमान अध्यक्ष विमल शाह ने बताया कि गियर की नई कार्यकारिणी में जाकिर हुसैन-अध्यक्ष, आशीष आहुजा व ललित कुमार अरोड़ा-उपाध्यक्ष, अरूण गुप्ता- महासचिव, दिनेश गुप्ता-संयुक्त सचिव, एम के माहेश्वरी-कोषाध्यक्ष व पुरूषोतम गुप्ता को संयुक्त कोषाध्यक्ष चुना गया।

साथ ही एग्जीक्यूटिव कमेटी में आकाश गुप्ता, अरूण लश्करी, ज्ञानप्रकाश मितल, महेश अगनानी, पीयूषजी, राजीव अग्रवाल, रक्षित पोददार, रवि पोद्दार, विजय सिंह सेनगर, विकास अग्रवाल, विक्रम सिंह शेखावत, प्रमोद रूंगटा, अनूप सर्राफ, विवेक खंडेवाल व पूर्व अध्यक्ष विमल शाह को नियुक्त किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने बताया कि राजस्थान से गारमेण्ट के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देना ही प्रमुख उद्देश्य है।

## निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय 'निर्यात हब' बनाने पर कार्यशाला

भीलवाड़ा/फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन जयपुर की ओर से मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सहयोग से 23 सितम्बर को होटल इम्पीरियल प्राइम में निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर निर्यात हब बनाने के संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के मानद महासचिव श्री आर के जैन ने इस कार्यक्रम में ज्वॉइंट डायरेक्टर डीजीएफटी श्री अभिषेक शर्मा, डायरेक्टर एमएसएमई श्री वी के शर्मा, ईसीजीसी जयपुर शाखा प्रबंधक श्री आदित्य सिंह, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक राहुल देव सिंह के साथ कई विषय विशेषज्ञ निर्यात संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्तुतिकरण दिया। मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से उपाध्यक्ष डॉ आर सी लोढा ने स्थानीय निर्यातकों की समस्याओं पर चर्चा की।

Specialist in All Type of Uniform Checks
bajaj Sulz
Uniform & Garment Fabrics
SHREE BAJAJ SUITINGS (P.) LTD.
38, Ground Floor, Om Textile Tower, Pur Road, Bhilwara, Ph.: 247816
E-189-A, 3rd Phase, RIICO Ind. Area, Bhilwara, Ph.: 260890, 7737089890, Mobile: 98290 45208, 98290 72064, 98290 72074. E-mail: shreebajaj@gmail.com, Website: www.shreebajaj.com

SKOOL® THE UNIFORM PEOPLE
ALL TYPE OF UNIFORM FABRICS
• Trovine (P/D + F/D) • Spun & PC Shirting • 2/18 Matty • PC Twill • School Checks
RUKMANI TEXTILE
Contact No.: 73406 44022 E-mail: skool.uniformpeople@gmail.com

A COMPLETE HOUSE OF PREMIUM DESIGNER UNIFORM FABRICS
Renlon® Uniforms & Suitings
A Brand Owned By
VIKAS SYNTEX PVT. LTD.
Regd Office & Works: E-58-59, RIICO Industrial Area (Ext.), Pur Road, Bhilwara
Ph: 01482-260248, Mob: +91 94141 11519, +91 96499 04519
E-mail: info@vikassyntex.com, Website: www.vikassyntex.com

21st Century TOPMAN®
TOPMAN FASHION PVT.LTD.
Off.: 63-Murli Textile Tower, Pur Road, Bhilwara, Mob.: 94141 13190 Ph.: 01482-260232, 260233, E-mail: topmansuiting@yahoo.com
Mills: G-214-215,RIICO 4th Phase, Bhilwara (Raj.)

AshuTone Suitings
RKS FABRICS Exclusive Fancy Suiting
Complete Range of Fancy Suitings & Versatile Uniform Fabrics And Exclusive Combo Packing
GOLPURIA POLYESTER PVT.LTD.
Office- Shop No. C - 7 Siddharth Nagar, Awari Mata Mandir Road, Near Shyam Market, Bhilwara Mo.: 9929555712, 98295-51712, E-mail : glpolyster@rediffmail.com, glpolyster@gmail.com

Complete Range of Versatile Uniform Fabrics & Fancy Suitings
World Class Fabrics V.KUMAR® GWALIOR SUITINGS & SHIRTINGS
DAGA SYNTHETICS
DHRUVI INDIA
CITY Off. :- 55, Murli Textile Tower, Pur Road, Bhilwara, (Mob.) 9024187395, 9352115114
RIICO Off. :- 19, Shree Shyam Market, Near Aavri Mata Mandir, Sidharth Nagar, Bhilwara (Raj.)
Email: dagasynthetics@gmail.com Web.: www.dagasynthetics.com

MINERVA TEXTILE
Deals in School /Corporate Uniform & all Type of Suitings
Specialist in Uniform Checks Suiting
Mob. 98286 19663, 99834 41222
2nd Floor, Office No. 8, Bhairav Complex, Pur Road Bhilwara-311001 (Raj.) Ph.: 01482-247077 (O)
E-mail: gaurav.bohra@rediffmail.com
Works: G-42, 1st/2nd Phase, RIICO Ind Area, Pur Road, Bhilwara (Raj.) Mob.: 94141 13216 (M.S. Jain)
Navkar Uniforms

Always ahead in fashion
Primera® SUITINGS
E-mail: primerasulz@gmail.com

SANMATI SUITINGS & SHIRTINGS
Complete Range of Fancy Suitings & Versatile Uniform Fabrics and Exclusive COMBO PACKING
SANMATI SUITINGS PVT. LTD. SYNTEX PVT. LTD.
109-110, Charbhuja Tower, Old R.T.O. Road, Gandhi Nagar, Bhilwara - 311001, Mob.: 9413357788
Ph.: 01482-247310, 247810 - Email: sanmatisuiting@gmail.com, sanmatisyntex@gmail.com







# साड़ी व लहंगा के एजेन्सी व्यवसाय में प्रगति की ओर 'जयश्री माजीसा टेक्सटाइल एजेन्सी'

सूरत/ स्थानीय मार्केट में स्थापित *'जयश्री माजीसा टेक्सटाइल्स एजेन्सीज'* के संचालक श्री हरिसिंह राजपुरोहित ने बताया कि हम प्रमुख रूप से सभी तरह की साड़ी व लहंगा उत्पादों की एजेन्सी कार्य करते हैं। वर्तमान में सूरत के सभी सुप्रसिद्ध ब्राण्ड का पूरे भारतवर्ष की मण्डियों सप्लाई कर रहे हैं। श्री राजपुरोहित ने बताया कि गुणवत्ता का व्यवहार व व्यापार हो यही हमारा लक्ष्य है।




# एक्सक्लूसिव साड़ी उत्पादन में मशहूर 'बत्रा सिल्क मिल्स प्रा.लि.'

Batra® SILK MILLS (P) LTD.



सूरत/ स्थानीय मार्केट में सन् 1981 में श्री किशन बत्रा द्वारा स्थापित कम्पनी बत्रा सिल्क मिल्स प्रा.लि. की पहचान सबसे पहले सूरत मार्केट में प्रिन्टेड साड़ी उत्पाद लारा सिफोन की शुरूआत करने में मशहूर रही है। कम्पनी का यह उत्पाद पूरे भारतवर्ष में भारी डिमांड में सेल होता था। तत्पश्चात् कम्पनी ने धीरे-धीरे अपने कारोबार में बढ़ोतरी करते हुए एम्ब्रॉयडरी वर्क के उत्पाद बनाने शुरू किये और कई न्यू प्रोडक्ट बनाकर बाजार में पेश किये, जिससे कम्पनी को बेशुमार सफलता मिली। वर्तमान में कम्पनी सिल्क, कॉटन पर आधारित उत्पाद बनाने में ज्यादा फोकस किये हुए हैं। मुख्य रूप से कम्पनी अभी टॉप डाइड, बनारसी साड़ी, सिल्क, लिनन व प्रिन्टेड साड़ी इत्यादि की भरपूर रेंज निर्मित कर रही है। वर्तमान में कम्पनी का भारतवर्ष की सभी प्रमुख होलसेल मण्डियों के टॉपटेन होलसेलर्स से ज्यादा कामकाज हो रहा है।

मौजूदा दौर में कम्पनी का कारोबार श्री बत्रा के युवा पुत्र श्री शिवम बत्रा बखूबी संभाल रहे हैं। श्री शिवम बत्रा ने बताया कि कम्पनी बाजार ट्रेण्ड पर विशेष फोकस रखते हुए अपने उत्पाद बनाती है। जिससे कम्पनी के उत्पाद सदैव शानदार रिस्पॉंस से सेल होते हैं। श्री शिवम बत्रा ने कहा कि कोरोना का समय गुजर चुका है उसे भुलाकर सदैव पोजिटिव सोच के साथ वर्तमान समय की मांग अनुसार व्यापारियों को आगे बढ़ाना चाहिए जिससे आगामी समय निश्चित रूप से अच्छा गुजरेगा और व्यापार अच्छा होगा। मैं व्यापारी भाइयों से कहना चाहुँगा कि उन्हें हर हाल में सदैव पोजिटिव सोच बनाकर ही व्यापार में लगे रहना चाहिए। कोरोना काल के बाद व्यापारियों के पुराने पैसे लगभग रिकवर हो चुके हैं, आगामी समय में न्यू फैशन, इनोवेशन पर ध्यान रखकर वाजिब में दरों में क्वालिटी उत्पाद बाजारों में पेश करने से व्यापार में शानदार बढ़ोतरी हो सकती है। विशेषकर वर्तमान में व्यापारी ओरगेन्जा, सिल्क, कॉटन इत्यादि पर आधारित नये-नये पेटर्न्स के फैब्रिक पर वर्किंग कर बाजारों में नये उत्पाद पेश करेंगे तो अच्छी सफलता मिल सकती है। श्री बत्रा ने बताया कि पश्चिमी बंगाल की दुर्गापूजा की ग्राहकी काफी अच्छी रही।

फिलहाल ऐसा बोलना कि कामकाज नहीं है यह बहानेबाजी है। कोविड का अब बाजारों की ग्राहकी पर कोई असर नहीं है। अब नयेपन से व्यापार को गति प्रदान करने का समय है। फिलहाल सितम्बर माह के अन्तिम सप्ताह मतलब नवरात्रा से व्यापार में जोरदार स्पीड बन सकती है। श्री बत्रा ने कहा कि नये वर्ष जनवरी से जून कपड़ा व्यवसाय के लिए सुनहरा समय साबित हो सकता है। विशेषकर सूरत कपड़ा मण्डी के हालात काफी अच्छे होने की संभावना है।

सम्पर्क करें- 9374712456, 9825809646

# एक्सक्लुसिव साड़ी, लहंगा व कुर्ती में अग्रणी 'ममता क्रिएशन'



*सूरत/ सुप्रसिद्ध मैन्युफेक्चरर कंपनी 'ममता क्रिएशन' प्रमुख रूप से एक्सक्लुसिव लहंगा रेंज 3000 से 20000 रुपये, कुर्ती 500 से 5000 एवं साड़ी 500 से 5000 रुपये की भरपूर फैंसी रेंज उत्पादित कर पूरे भारतवर्ष में सप्लाई करने में अग्रणी है। कंपनी के डायरेक्टर श्री सुभाष वैष्णव ने बताया कि हम मुख्य रूप से बाजार के ट्रेण्ड पर ध्यान रखते हुए न्यू क्रिएशन व इनोवेशन उत्पाद ही बनाते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि फिलहाल बाजार अच्छा चल रहा है एवं आगामी वैवाहिक सीजन शानदार रहने की संभावना है लेकिन उन निर्माताओं को ज्यादा फायदा होगा जो व्यापारियों की पसंद पर आधारित उत्पादों पर फोकस कर चलेंगे। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री निखिल वैष्णव ने बताया कि उत्पादों की सही क्वालिटी व उचित रेट होने के साथ-साथ व्यापारी से अच्छा रिलेशन रखकर व्यापार में आगे बढ़ने के ज्यादा सुअवसर रहते हैं।*

*सम्पर्क सूत्र- 93770 47666, 94292 13344*

# साड़ी, लहंगा व सूट के एजेंसी कार्य में अग्रणी 'निशा एजेन्सीज'



सूरत/ स्थानीय श्रीजी मार्केट में स्थापित फर्म निशा एजेन्सीज प्रमुख रूप से सभी तरह की साड़ी, लहंगा व सूट इत्यादि का एजेन्सी कार्य पूरे भारतवर्ष में करने में अग्रणी है। इकाई के संचालक श्री शांतिलाल बैगानी ने बताया कि हमारे पास सूरत के नामचीन ब्राण्ड्स का कामकाज है। श्री बैगानी ने कहा कि आगामी त्यौहारिक व वैवाहिक सीजन अच्छा कामकाज होने की उम्मीद है। अच्छी ग्राहकी दीपावली बाद से चलने के आसार नजर आ रहेहैं। सम्पर्क सूत्र- 98252 59590




# माइक्रो ओडी क्रेप, पीसी प्लेन फैब्रिक व साड़ी उत्पादन में अग्रणी 'साधना टेक्स'



*सूरत/ स्थानीय मार्केट में 2013 से स्थापित कंपनी 'साधना टेक्स' प्रमुख रूप से माइक्रो ओडी क्रेप, पीसी प्लेन, फैब्रिक्स एवं साड़ी अपने ब्राण्ड 'एसटी' में उत्पादित कर पूरे भारतवर्ष में सप्लाई देने में अग्रणी है। कंपनी के डायरेक्टर श्री राजकुमार खण्डेलवाल ने बताया कि माइक्रो ऑडी क्रेप व प्लेन पीसी फैब्रिक मुख्यत: कुर्ती, सूट व किड्सवियर मैन्युफेक्चर्स उपयोग में लेते हैं। वर्तमान में कई लीडिंग मैन्युफेक्चर्स कंपनी से जुड़े हुए हैं। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि गुणवत्तायुक्त क्वालिटी में वाजिब दामों में फैब्रिक उपलब्ध कराना ही हमारा प्रमुख उद्देश्य रहता है। साथ ही एक फिक्स पॉलिसी के तहत एजेण्ट व डीलर्स पर आधारित सेल्स नेटवर्क में वृद्धि करने हेतु कंपनी अग्रसर रहती है।*

*सम्पर्क सूत्र- 93769 79071, 81603 87260*

# दो साल के बाद निकली कच्छ उत्पादित बांधनी के चणिया-चोली में डिमाण्ड

**सूरत/गणपत भंसाली**



कच्छ की टाई डाई जिसे पारम्परिक भाषा में 'बांधनी' भी कहा जाता है, इस पर आधारित चनिया-चोली में डिमांड नजर आई। गत दिनों संयोग से कच्छ के भुज व गांधीधाम आदि शहरों का दौरा करने का क्रम बना तो, वहां बाजारों में घूमते घूमते जगह-जगह, रंग बिरंगे व वेल्यू एडेड जिसे स्थानीय भाषा में भरत काम के रूप में सम्बोधित किया जाता है, उस भरत काम आधारित चनिया चोली टँगी मिलें। इस सम्बंध में जब हमने हैंडीक्राफ्ट व हैंडलूम आदि कारोबार से जुड़े भुज के श्री हर्ष भाई संघवी से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते गुजरात में नवरात्रि त्योहार अलबत्ता फीका रहा था व नवरात्रा के गरबा कार्यक्रम बड़े पैमाने पर स्थगित रहे थे लेकिन इस बार सम्पूर्ण गुजरात में नवरात्रा का त्योहार पूर्ण उत्साह व उमंग से मनाया जा रहा है व खैलेया यानी गरबा में भाग लेने वाले भी गरबा खेलने हेतु नवरात्रा के गरबा प्रारम्भ होने की बड़ी उत्सुकता में हैं। हर्ष भाई संघवी ने बताया कि कच्छ में भरत बांध काम में अधिकतया खत्री मुस्लिम जुड़े हुए हैं व ये ब्लॉक टाइप टाई डाई तथा बांधनी आधारित फेब्रिक्स अधिक तर भुज, मुंद्रा व मांडवी में तथा अंजार, अजरक पुरम व दमड़का में ब्लॉक प्रिंट तथा अजरक प्रिंट तैयार होती है। बताया जाता हैं कि ये प्रिंट अधिकतया महाराष्ट्रा की पावरलूम नगरी भिवंडी उत्पादित 30 बाई 30 व 60 बाई 60 काउंट के पोपलीन व केम्ब्रिक आदि ग्रे कपड़े पर तैयार होते हैं। बांधनी के चनिया-चोली के भाव अलबत्ता विगत वर्षों से 20 से 30 प्रतिशत तक होलसेल में बढ़े हुए हैं। जबकि रिटेल में चनिया चोली के भाव पिछले पांच वर्षों की तुलना में डेढे से दुगुने हो गए हैं। श्री हर्ष संघवी ने बताया कि कम से कम भाव के चनिया चोली होलसेल में 1500 रुपये से प्रारम्भ होते हैं लेकिन ऊंची रेंज में तो चनिया चोली मात्र ऑर्डर पर ही तैयार होते है जो 10 हजार से लेकर 2-2 लाख की कीमत के होते हैं। बताया जाता है कि ऊंची दर के चनिया चोली वेजटेबल यानी नेचुरल आधारित रंगों के मिश्रण से तैयार होते हैं व वीविंग भी उसकी स्पेशल व एंटीक होती है तथा कॉटन धागे की बजाय सोने चांदी के बारीक धागे नुमा तार उपयोग में लिए जाते हैं। इन चनिया चोली का कच्छ में कोई होलसेल बाजार नहीं है, वहां खुदरा कारोबार करने वाला उत्पादक थोक में व थोक कारोबारी खुदरा बेचता नजर आएगा। बताया जाता है कि चनिया चोली का सबसे बड़ा बाजार तो गुजरात के शहरों व कस्बों में ही समाया है जहां हर कस्बे व हर शहर के गली-गली में गरबों की रम्मत होती है व एक से बढ़कर एक चनिया चोली पहनी जाती है, क्या युवक व क्या युवतियां सभी चनिया चोली में सजे धजे नजर आते हैं, अत: गुजरात के कच्छ भुज के अंजार, मांडवी, मुंद्रा का ये आर्ट सम्पूर्ण गुजरात व पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान व मध्य प्रदेश में धूम मचाए हुए हैं।
















# निर्यातकों की नजर 'अमेरिका मार्केट वीक' पर, अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद

- 15000 करोड़ पानीपत को कुल वार्षिक निर्यात
- 9000 अकेले अमेरिका का मार्केट कैप
- 50-60 प्रतिशत की निर्यात में गिरावट

**पानीपत/महावीर गोयल**

ऑर्डर की कमी से जूझ रहे निर्यातकों की नजरें अमेरिका में चल रही 'मार्केट वीक' पर लगी हुई है। निर्यातकों को उम्मीद है कि मार्केट विक में इस बार अच्छे ऑर्डर मिलेंगे। अमेरिका में मार्च और सितंबर माह में मार्केट विक लगता है। इसमें अमेरिका का आयातक सैंपल दिखाते हैं। कस्टमर सैंपल देखकर ऑर्डर देते हैं। उसी के मुताबिक भारत से माल मंगवाया जाता है। पिछले दिनों आयातकों ने हैंडलूम, टेक्सटाइल के सैंपल तैयार करवाए थे। सितंबर माह में इसी सप्ताह वहां मार्केट विक लगा है। जिसमें चार दिन तक कामकाज होता है। सैंपल कस्टमर को दिखाए जाते हैं। जिन्हें देखकर कस्टमर ऑर्डर देता है।

**पानीपत का 60 प्रतिशत टेक्सटाइल निर्यात अमेरिका को-**

पानीपत का हैंडलूम, टेक्सटाइल का 60-70 प्रतिशत निर्यात अमेरिका को होता है अर्थात देश से होने वाले 15000 करोड़ के निर्यात में 9000-10000 करोड़ का माल अमेरिका को जाता है। मंदा होने के कारण टेक्सटाइल के ऑर्डर नहीं मिल पा रहे हैं। जिससे घरेलू मार्केट भी प्रभावित हो रही है।

**कारपेट से लेकर बाथमैट होते निर्यात-**

पानीपत में बने कारपेट अमेरिका के फाइव स्टार होटल से लेकर अमेरिकन के घरों में बिछाए जाते हैं। हैंड मेड आइटम वहां अधिक पसंद की जाती है। होम फर्निशिंग की आइटम पानीपत से जाती है। मार्केट वीक अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में लगता है।

**कंटेनर भाड़े से कारोबार प्रभावित**

पानीपत का निर्यात कारोबार कंटेनर के भाड़े से अधिक प्रभावित है। पानीपत एक्सपोर्ट एसोसिएशन के प्रधान श्री ललित गोयल ने बताया कि तीन डॉलर का पफ अमेरिका भेजने में चार डॉलर का कण्टेनर का किराया लगता है। जिस कारण विदेशों से ऑर्डर कम मिल पा रहे हैं।

चीन ने कंटेनर का भाड़ा कम करके 1600 -1700 डॉलर कर दिया है। जबकि हमारे यहां 12000 डॉलर भाड़ा लगा रहा है। अधिक माल भाड़ा होने के कारण मांग कम चल रही है। मामले को केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया है।

निर्यातक श्री विनीत शर्मा ने बताया कि अमेरिका में कारोबारियों से बात हुई है। उनका कहना है कि मार्केट वीक का अच्छा रिस्पॉंस मिलने की उम्मीद है।

# हल्की क्वालिटी में डिमाण्ड बढ़ी : पेमेण्ट आवक भी सुधरी

**पिलखुवा/विनम्र प्रताप**

सूत बाजारों में इन दिनों कुछ क्वालिटी के धागों की माँग कम होने से धागे के भाव रूके हुए चल रहे हैं। कच्चे की कैनवास व थैले में काम आने वाले हल्की क्वालिटी की 12 किलो की कैनवास की जोरदार माँग है। इन दिनों मेरठ , हापुड, पिलखुवा व आस-पास के जिन क्षेंत्रो में कैनवास बनती है। इन दिनों कैनवास के ऑर्डर भरपूर होने से कपड़ा उत्पादक इन्हें पूरा करने में लगे हुए है। कामकाज बढ़िया होने के साथ ही बाजारों में धन की भी कोई तंगी नहीं है।

व्यापारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओपन एण्ड की बढ़िया क्वालिटी के धागे की माँग बहुत ही कम होने से धागे के भाव पड़े हुए हैं। बाजारों में नॉन डाईंग व मिलांच के धागे के भाव बाजारों में पड़े होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मंडियों में बनने वाले कपड़े की विभिन्न किस्म के कपड़े हल्की क्वालिटी में ही बन रहे हैं। बाजारों में हल्की क्वालिटी के धागों की माँग हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में जहाँ भी कपड़ा बनता है उन मंडियों में ओपन एण्ड डाई की मांग लगातार ही घट रही है। बाजारों में मिलांच व मिलांच डाई के काम चल रहे है।

बाजारों में ओपन एंड के धागे के महंगे होने के कारण ही डाई का बाजार लगातार ही घट रहा है। कपड़ा उत्पादकों का कहना है कि दिसावर की मंडियों से जैसी माँग आयेगी हमें तो वैसा ही कपड़ा बनाना है। महंगाई को देखते हुए विकल्प वाली क्वालिटी ही बाजारों में ज्यादा बन रही है। इन धागों से बनने कपड़े डाई के मुकाबले काफी सस्ते हैं वही कपड़ा उत्पादकों व सप्लायरों दोनों को ही माल बेचना भी आसान है।

डार्क की अच्छी क्वालिटी से बनने वाले कपड़ों की माँग लगातार ही गिर रही है। दिल्ली व उसे सटे राज्यों में तैयार कपड़ों की माँग हल्की क्वालिटी की ज्यादा है। बढ़िया मालों का तो बाजारों से लगातार ही सफाया हो रहा है। बाजारों में हल्की क्वालिटी से बनने वाले कपड़ा बाजारों में कपड़े का उत्पादन लगातार ही बढ़ रहा है। आने वाले समय में बाजारों में अभी हल्की क्वालिटी के धागो से बनने वाले कपड़ा ही ज्यादा बनेंगे। बाजारों में अच्छी क्वालिटी के माल केवल एक्सपोर्ट के लिये ही बनेंगे। बाजारों में कामकाजों के बीच बिक्री को लेकर कारोबारी काफी उत्साहित है। अहमदाबाद की राजश्री का गुटका बनाने वाली फर्म का दिल्ली व उत्तर प्रदेष की मंडियों में बेग में काम आने वाले कपड़े की जोरदार माँग होने से कपड़ा उत्पादक कपड़े का उत्पादन दिन-रात कर रहे हैं, यह माँग दीपावली तक चलने की ही उम्मीद है।

# व्यवधानों को बीच उत्पादन जारी रखने की मजबूरी

**बालोतरा/एल. सी. पुनीत**

बाजार की स्थिति सुदृढ़ नहीं बन पाई है। मन्दी की हवा न थमने से उत्पादन व चालानी प्रभावित है। कपास की फसल खराब से समाचारों के बावजूद भी यार्न के भाव दबाव में हैं। इससे ग्रे उत्पादक व्यापारी और माल निर्माता संशय में है। इतना होने पर भी आगे की सीजन को देखकर माल तैयार करने की मजबूरी बन गई है। अन्य व्यवधान भी कम नहीं है, कभी मौसम खराब होना, कभी श्रमिकों का अभाव, कभी प्रोसेस के किसी एक अंग के हड़ताल पर जाने व कभी अन्य कारणों से उत्पादन बन्दी से उद्योग त्रस्त है। उद्यमी एवं विवेक व हिम्मत के बल पर आगे बढ़ रहे हैं, यह निश्चित रूप से एक प्रेरक अध्याय है। स्थानीय उद्यमियों ने जिन-जिन परिस्थितियों से लोहा लिया है और उसके बाद भी वस्त्र रंगाई छपाई उद्योग को बरकरार रख उसमें विकास के कई आयाम जोड़े हैं वह अपने आप में उल्लेखनीय के साथ गरिमापूर्ण अध्याय है। अर्थ की दुनिया में काम तो कौशल ही करता है, परन्तु अन्तिम लेखा-जोखा में वजन अर्थ लाभ को ही दिया जाता है। वस्तुत: जिन उद्यमियों चिन्तकों व प्रबुद्ध कर्मशील व्यक्तियों ने स्थानीय वस्त्र उद्योग को गृह उद्योग/कुटीर उद्योग के रूप में था, उसे वट वृक्ष के आकार में प्रतिस्थापित करने में सहयोगी बने लोगों को समादृत करने की ओर ध्यान ही नहीं गया है। ऐसे बन्धु इस विकास गीता के अध्याय हैं और उनका हर अंश शब्द रूप में पिरोया जाना चाहिए। यह कार्य सरकारी स्तर पर न होने पाये तो जागरूक बन्धुओं को इसके लिए आगे आकर शंखनाद करना चाहिए।

पोपलीन, नाईटी, पेटीकोट, रयोन (प्रिन्ट व प्लेन) आदि उत्पादों की चालानी बाजार की हालत के अनुसार असंतोषजनक नहीं कही जा सकती। चुनिन्दा उत्पादकों के भाव आज भी ज्यों के त्यों स्थिर स्थिति में हैं, क्योंकि उनके उत्पादों का ब्राण्ड नेम के कारण क्रेज व्यवस्थित जमा हुआ है। इन दिनों ग्रे क्लॉथ में विस्कोस आने की शिकायतों से उलझनें बढ़ गई है। सबसे ज्यादा उन परेशानियाँ उन उत्पादकों के समक्ष है जो क्वालिटी को ही सर्वोपरि मानते हैं। मन्दी की सायं सायं की स्वर का आभास होने के उपरान्त भी प्रोसेस हाऊसों में माल की कमी नहीं है। कतिपय उद्यमियों ने हमें बताया कि उनके पास इतने ऑफर पेंडिंग हैं कि वे चालानी यथावत रखे तो भी दीपावली तक उनको कोई दिककत नजर आती नहीं दिखती है। उन्होंने बताया कि मन्दी के भ्रम का आवरण विचलित भले ही करता हो मगर माल का उत्पादन होने के साथ चालानी भी होने से इन्कार नहीं किया जा सकता।

भीलवाड़ा सूटिंग प्रोसेस करने वाले उद्यमियों ने बताया कि उनके यहाँ व्यवस्थित कार्य प्रक्रिया है। लाखों रुपया जीएसटी, सेस आदि के रूप में देते है। परिषद को इस क्षेत्र से भारी आय हुई और हो रही है, परंन्तु इस और बनी सड़कों की सुध लेने की ओर उदासीनता क्यों बरती जा रही है? औद्योगिक विकास को ध्यान में रखकर नगर परिषद को इसे दुरुस्त व आवागमन हेतु सुविधाजनक बनाकर पहल करनी चाहिए। प्रशासन की जागरूफता सोने में सुगन्ध का कार्य कर सकती है।

बालोतरा के जिला रूप में समादृत होने की सम्भावनायें मुखरित है। पचपद्रा विधायक श्री मदन प्रजापत की प्रतिज्ञा क्या गुल खिलाती है, यह तो समय ही बतायेगा। इतना अवश्य है कि इस क्षेत्र के जिला बनने से विकास का पौधा वट वृक्ष रूप में निखरेगा।



# कमजोर मांग से कॉटन यार्न टूटा, सिंथेटिक यार्न की कीमतें स्थिर

मुम्बई/मिरर ब्यूरो

कॉटन यार्न की कीमतें घटनी शुरू हो गई है, तो क्रूड तेल में गिरावट दर्ज होने के बाद पोलिएस्टर, सिंथेटिक यार्न के भाव स्थिर हो गए है। ग्रे कपड़ों का उत्पादन घटा है, जिससे कॉटन यार्न की मांग नहीं बढ़ रही है। यद्यपि अभी कॉटन यार्न बनाने वाली साउथ से लेकर गुजरात तक की कई मिलों में उत्पादन या तो आधा हो रहा है अथवा आर्थिक कमजोर मिलों में उत्पादन बिल्कुल बंद हो चुका है। ऐसी स्थिति में भी यार्न का कोई कमी नहीं है। इसका एक कारण यह बताया जा रहा है कि कॉटन यार्न का निर्यात भी कमजोर है। इसलिए बाजारों में यार्न की मांग एवं आपूर्ति के बीच कम उत्पादन होने पर भी कोई कमी नहीं है। रूई के भाव घटे तो यार्न का उत्पादन बढ़ सकता है।

भिवंडी में कॉटन यार्न का प्रति पांच किलो भाव 80 से 100 रुपये तक घट गया है। रूई के ऊंचे भाव और अच्छी गुणवत्ता की रूई के अभाव में कॉटन यार्न के उत्पादन की लागत अधिक है और बाजारों में मिल रहा भाव कम है। बाजारों में एक किलो यार्न की कीमत करीब तीन सौ रूपये मिल रही है, जबकि इसकी लागत तीन सौ से तीन सौ पैंतीस के करीब आ रही है। इतना ही नहीं इस भाव पर कॉटन यार्न की मांग नहीं बढ़ रही है, जबकि कॉटन यार्न उत्पादकों को इस भाव पर यार्न बेचने में नुकसान हो रहा है। मिलें नुकसान से बचने के लिए कॉटन यार्न का उत्पादन कम कर दी है। यदि रूई का भाव घटता है, तो मिलों में कॉटन यार्न का उत्पादन फिर से जोर पकड़ सकता है।

इतना ही नहीं महंगी रूई के चलते कॉटन यार्न में विस्कोस एवं अन्य सस्ते फाइबर को मिलाकर यार्न बनाने का काम जोर पकड़ा है। जिस यार्न की आपूर्ति की जाती है, उसमें सौ प्रतिशत कॉटन यार्न का लेवल होता है, लेकिन वास्तव में इसमें अन्य फाइबर की मिक्सिंग की गई होती है। इचलकरंजी शटललेस फैब्रिक्स मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन ने ऐसी शिकायत द इचलकरंजी यार्न मर्चेंट एसोसिएशन, दी साउथ इंडिया स्पिनर्स एसोसिएशन और स्पिनर्स एसोसिएशन गुजरात एवं राजकोट से की है। पहले इस तरह की प्रवृत्ति छोटे पैमाने पर होती थी, लेकिन अब मुख्य स्पिनिंग मिलें भी इसमें शमिल होकर इस काम को कर रही है, जिससे निर्यात कपड़ों को तैयार करने में कठिनाई हो रही है।


















# शीघ्र ही रौनक लौटने की संभावना

## शर्टिंग में डार्क चेक्स और इंडिगो चेक्स की डिमांड, आयातित सूटिंग की मांग सुधरी

मुम्बई/मिरर ब्यूरो

कपड़ा बाजार में कारोबार सुस्त और नीरस है।फिनिश कपड़ा और गारमेण्ट में कोई मूवमेंट नहीं है। थोक में पूजा की ग्राहकी पूरी हो चुकी है, जो बहुत दममदार नहीं रही। सूटिंग, शर्टिंग में कारोबार अभी नीरस है। कुछ वैराइटी की मांग अच्छी है। साड़ियों के साथ ब्लाउज मटेरियल में कारोबार सुधरा है। ग्रे कपड़ों की मांग और उत्पादन दोनों कम है। ऊपर से रूई के अधिक ऊंचे भाव तथा माल की टाइट आपूर्ति के बीच स्पिनरों द्वारा कॉटन यार्न में विस्कोस सहित दूसरे सस्ते यार्न मिलाने के कारण वीवर्स परेशान है। मुंबई में फिनिश कपड़ों का कारोबार कम होता जा रहा है। अहमदाबाद और सूरत की ओर कपड़ों की ग्राहकी अधिक है, जबकि मुंबई में पहले जैसा कारोबार नहीं है। टेक्सटाइल उद्योग में मंदी है। इस बीच यार्न, टेक्सटाइल, गारमेण्ट इत्यादि के निर्यात में भारी गिरावट दर्ज की गई है। रूई की आपूर्ति स्थिति को सुगम बनाने और टेक्सटाइल की समूची वैल्यू चैन में कामकाज दुरूस्त हो, ताकि निर्यात को बढ़ाया जाए। इस दिशा में सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है। लेकिन रूई के अति ऊंचे भाव, रूई की कमजोर आपूर्ति, माल के अभाव में करीब पचास प्रतिशत स्पिनिंग मिलों में कॉटन यार्न का उत्पादन बंद होने से कॉटन यार्न की आपूर्ति और निर्यात दोनों पर इसका असर देखा गया है।

नई रूई की आपूर्ति अक्टूबर महीने से आनी शुरू हो सकती है। अभी जिनिंग इकाइयां भी कार्यरत नहीं हुई है। हालांकि कपास की नई ऊपज आनी शुरू हो गई है, जो प्रमाण में कम है। लेकिन जैसे ही नई रूई बाजार में उतरनी शुरू होगी, तब कॉटन यार्न के अति ऊंचे भाव पर जरूर लगाम लगेगी, ऐसा मान कर कपड़ों की अधिक खरीदी व्यापारियों द्वारा नहीं की जा रही है। आयातित कपड़ों की मांग अच्छी है और इनके भाव स्थिर होने के कारण चीन और इंडोनेशिया से आयात बढ़ा है। इनमें लाइक्रा ट्विल सूटिंग की डिमांड अच्छी बताई जा रही है, प्रति मीटर भाव 135 से 140 रूपये है। टीआर फँसी की मांग कम है तो लेडीज वियर में स्वीमिंग लाइक्रा का प्रति वॉर 58 इंच पना का भाव 110 से 115 रूपये है। मुंबई कपड़ा बाजार में ग्राहकी को लेकर लगाए जा रहे सभी कयास विफल रहे हैं। अनुमान है कि श्राद्धपक्ष बीतने के बाद बाजारों में ग्राहकी शुरू हो जाएगी। इसका प्रमुख कारण है कि 26 सितम्बर से नवरात्रि शुरू हो चुकी है। इसमें फँसी आइटमों की भारी मांग रहती है। उसके बाद दशहरा और दीपावली जैसे बड़े त्योहार सामने होने से कपड़ा बाजारों में रौनक लौटने की पूरी संभावना है। लेकिन इस बार दीपावली कुछ जल्दी अर्थात् 22 अक्टूबर को पड़ रही है, इसलिए थोक तथा रिटेल दोनों में अच्छे कारोबार की उम्मीद जागी है। उसके बाद नवम्बर से वैवाहिक सीजन शुरू हो जाएगी। समर सीजन की सेम्पलिंग भी अक्टूबर में शुरू होने की संभावना है। इसलिए अब प्रतीक्षा समाप्त हो रही है।

क्रूड तेल के भाव घटने के बाद भी पोलिएस्टर यार्न के भाव स्थिर है। सिंथेटिक कपड़ों की कुछ वैराइटी के भाव पूर्व की तुलना में 50 पैसे से एक रूपये तक बढ़े हैं। साटीन ग्रे में दो रूपये की तेजी आई है। साटीन जैसे चमकदार वैराइटी की मांग त्योहारों के दौरान अधिक रहती है। साटीन आधारित कपडा और पोलिएस्टर जेकार्ड कपड़ों के भाव में वृद्धि दिखाई दे रही है। इस समय डाईड की मांग अधिक है। प्रिंट में डिजिटल की मांग निखर रही है। आगे वैवाहिक सीजन होने से एम्ब्रॉइडरी कपड़ों की मांग निकलनी शुरू हो गई है। शर्टिंग में डार्क चेक्स और इंडिगो चेक्स की मांग निकली है। कॉम्बो पैक की पुरजोर तैयारी के साथ इसमें आगे चलकर मांग सुधरने की संभावना व्यक्त की जा रही है। रूई और कॉटन यार्न की मजबूती के चलते ग्रे सूती कपड़ों के भाव कुछ टाइट है और ऊंचे भाव कोट किए जाने के कारण कामकाज कम हो रहा है। लेकिन वीवर्स की परेशानी कुछ अलग है। कॉटन यार्न के साथ सस्ते यार्न मिलाने के कारण ग्रे कपडों में डिफेक्ट आने लगा है। इन कपड़ों की फिनिश में भी कठिनाई आ रही है। कपड़ों की फिनिश उस मानक पर नहीं हो रही है, जैसे कॉटन कपड़ों की होनी चाहिए। इस कारण वीवर्स, कपड़ा व्यापारी और गारमेण्टर हैरान है। व्यापारियों का कहना है कि अभी सूती कपड़ों का उठाव ऊंचे भाव के कारण कमजोर है, आगे चलकर इनकी मांग भी अधिक रहने की संभावना है, साथ ही ग्रे कपड़ों के भाव कॉटन यार्न के घटने पर तर्कसंगत हो सकते हैं।

**टेक्निकल टेक्सटाइल-** क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जो गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। केंद्रीय टेक्सटाइल मंत्री श्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में नेशनल टेक्सटाइल मिशन प्रोग्राम के तहत 60 करोड रूपये के स्ट्रैटजिक रिसर्च प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। इसमें स्पेशियल्टी फाइबर, सस्टेनेबल टेक्सटाइल्स, जियो टेक्सटाइल्स, मोबिलटेक और स्पोर्ट्स टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों के प्रोजेक्ट शामिल है। 23 रिसर्च प्रोजेक्टों में से 12 स्पेशियल्टी फाइबर है, जिनका उपयोग कृषि, स्मार्ट टेक्सटाइल्स, हेल्थकेयर, स्ट्रैटजिक अप्लीकेशन, प्रोटेक्टिव गियर्स के क्षेत्र में हो सकता है, तो चार प्रोजेक्ट सस्टेनेबल टेक्सटाइल के हैं, जिनका उपयोग कृषि और हेल्थकेयर में होता है। एक प्रोजेक्ट स्पोर्टटेक से सबंधित है।

**सीएमएआई फेब शो-** मुंबई में जियो कन्वेशन सेंटर में आयोजित किए गए सीएमएआई के तीन दिवसीय फेब शो का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय टेक्सटाइल सचिव श्री यूपी सिंह ने कहा है कि कपड़ा उद्योग की सफलता योजनाओं में सर्वोच्च स्थान रखने वाली अमेंडेडे टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन फंड योजना को फिर से चालू रखने के प्रस्ताव को कैबिनेट को भेजा गया है। अप्रैल 2022 से बंद इस योजना को चालू रखने के लिए उद्योग उद्यमियों और संगठनों द्वारा अनेक पेशकश की गई है। याद रहे कि टफ योजना 31 मार्च से ही बंद है, सरकार ने इस योजना के बदले में नई योजना लाने का प्रयास कर रही है। लेकिन ऐसी कोई योजना लागू नहीं की गई है। ईटीएफ को 1 अप्रैल से लागू किए जाने की संभावना है।